


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 222 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 26 मई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# गौवंश अभ्यारण्य योजना लाएगी छत्तीसगढ़ सरकार, दुर्घटनाओं पर लगेगी लगाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार सड़कों पर घूमने वाले स्वामीविहीन गौवंशों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कारगर कदम उठाने जा रही है। लोकसभा चुनाव के बाद साय सरकार प्रदेश में गौवंश अभ्यारण्य योजना लेकर आयेगी। मुख्यमंत्री ने योजना के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को इस संबंध में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद इस योजना को लागू किया जाएगा।**

## सीएम विष्णुदेव साय ने योजना को लेकर दिए अधिकारियों को निर्देश



### सुरक्षा और संवर्धन होगा योजना का ध्येय वाक्य

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि ठोस कार्ययोजना के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त, सेवा, सुरक्षा और संवर्धन का ध्येय वाक्य लेकर प्रदेश में स्वामीविहीन पशुधन के लिए गौवंश अभ्यारण्य की रूप रेखा बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। प्रस्तावित योजना लागू होने पर न केवल सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने वाले गौवंशों को नियमित आहार, देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी बल्कि दुर्घटनाओं पर भी लगाम लगेगी।

बता दें सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों से न केवल यातायात के लिए बाधा बन रहे हैं बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। भूख से बेहाल पशुधन द्वारा कूड़ा-कचरा एवं प्लास्टिक खाने से उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गौवंश अभ्यारण्य योजना इसे रोकने की दिशा में सकारात्मक कदम साबित होगी।

राज्य में पशुधन विकास विभाग, पंचायत, राजस्व एवं वन विभाग के समन्वय से गौवंश अभ्यारण्य संचालित करने की योजना है। इस योजना के क्रियान्वयन से सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने वाले गौवंश को न केवल नियमित आहार मिलेगा बल्कि उनकी उचित देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध होगी। गौवंश अभ्यारण्य पशुधन के लिए उचित रहवासी वातावरण से परिपूर्ण होगा जिससे पशुधन का सरंक्षण होगा।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जताई खुशी



योजना को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने खुशी जताई है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि यह बताते हुए मुझे बहुत हर्ष हो रहा है कि विष्णुदेव सरकार गौवंशो की सुरक्षा, देखभाल और सड़कों पर घूमने वाले गौवंशो की सुरक्षा के लिए गौवंश अभ्यारण बनाएगी। इस योजना से निश्चित ही सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने वाले गौवंशों की देखभाल होगी। सरकार गोवंश व पशुधन के लिए नियमित आहार, देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा की व्यवस्था कराएगी। निश्चति ही यह एक नेक पहल होगी।

## खास-खबर



### सुकमा में आईईडी ब्लास्ट, 2 महिलाएं घायल : एक घर में नक्सलियों ने जबरदस्ती रखा था बम, अचानक फटा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में द्दश्वष्ठ ब्लास्ट की चपेट में आने से 2 ग्रामीण महिलाएं घायल हैं। एक महिला के पैर के चिथड़े उड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि, नक्सलियों ने एक घर में जबरदस्ती बम छिपाकर रखने कहा था। जहां आज सुबह धमका हो गया। मामला जगरगुंडा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मामला जिले के भीमापुरम गांव का है। इलाका नक्सलियों का गढ़ है। इस इलाके के एक घर में नक्सलियों ने बंदूक के बल पर एक ग्रामीण के घर में द्दश्वष्ठ रखी थी। हालांकि, इसके लिए गांव वालो ने मना भी किया था। लेकिन, नक्सलियों ने रख दिया। आज सुबह अचानक जोर का धमका हुआ। हालांकि, धमका हुआ कैसे ये स्पष्ट नहीं है। धमाके की चपेट में आने से एक महिला के पैर के चिथड़े उड़ गए हैं। वहीं दूसरी महिला घायल है। घायल को अस्पताल लाने की कवायद की जा रही है। पुलिस अफ्सरों का कहना है कि जानकारी मिली है। तस्दीक की जा रही है।

### आग से दहले दिल्ली और गुजरात

# नईदिल्ली के बेबी सेंटर में 7 नवजात और राजकोट के गेमिंग सेंटर में 27 की मौत

**नईदिल्ली/राजकोट (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली और गुजरात के औद्योगिक शहर राजकोट आग से दहल गए। शानिवार देर रात दिल्ली के बेबी सेंटर व गुजरात के राजकोट के गेमिंग सेंटर में भीषण आग से तबाही मच गई। दिल्ली के बेबी सेंटर में आग से झुलसने से 7 नवजात बच्चों की मौत हो गई। वहीं राजकोट के गेमिंग सेंटर में आगजनी से 27 लोगों की मौत हो गई। यहां मृतकों के 12 साल से कम उम्र के 4 बच्चे भी शामिल हैं। देर रात रेस्क्यू शुरू हुआ और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया है।

पहला हादसा दिल्ली के शाहदरा के विवेक विहार इलाके में शनिवार देर की है। शनिवार रात करीब 11:32 बजे दिल्ली के शाहदरा इलाके में आईआईटी ब्लॉक बी, विवेक विहार स्थित बेबी केयर सेंटर में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग के मुताबिक, चाइल्ड केयर सेंटर में बच्चे और स्टाफ मौजूद था। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी इमारत में फंसे स्टाफ और नवजात को बचाने के लिए जुट गए। देर रात तक सभी का रेस्क्यू कर लिया गया। एक नवजात मृत मिला था। जबकि बचाए गए 12 नवजात बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 6 नवजात बच्चों ने दम तोड़ दिया।



शाहदरा जिले के विवेक विहार में बेबी केयर सेंटर में आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि ऑक्सीजन सिलिंडर फ्टने से अस्पताल में आग लगी थी। शोर शराबे के बीच स्थानीय लोग मदद के लिए भागे। देखते ही देखते आग ने ऊपरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग के साथ मिलकर इमारत के पीछे की ओर की खिड़कियां तोड़ीं और किसी तरह वहां से नवजात बच्चों को एक-एक कर निकाला। एक नवजात मृत मिला। जबकि बचाए गए सभी नवजात बच्चों को दूसरे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, इलाज के दौरान छह नवजात बच्चों ने दम तोड़ दिया। पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी सात शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया है। अस्पताल के मालिक नवीन किची के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## गेमिंग सेंटर में आग, मालिक व मैनेजर गिरफ्तार

गुजरात के राजकोट शहर में शनिवार देर शाम राजकोट के टीआरपी 'गेम जोन' में भीषण आग लगने से 12 साल की कम आयु के चार बच्चों समेत कुल 27 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। राजकोट में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) राधिका भराई ने कहा, 27 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। शव पूरी तरह से जल चुके हैं। ऐसे में उनकी पहचान करना मुश्किल है। पुलिस के मुताबिक स्कूलों में छुट्टी होने के कारण टीआरपी गेम जोन में बड़ी संख्या में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ मस्ती करने पहुंचे थे।



गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने देर रात घटनास्थल का दौरा कर हादसे के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि एक शख्स लापता है। वहीं, राजकोट पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद 'गेम जोन' के मालिक और प्रबंधक को हिरासत में लिया गया है। सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया है। जांच के लिए गठित एसआईटी के प्रमुख सुभाष त्रिवेदी ने गृह मंत्री के साथ बैठक के बाद कहा, हादसा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एसआईटी, किस विभाग ने क्या-क्या किया, इसकी पूरी गहन जांच करेगी। हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है, क्या-क्या गलतियां हुई हैं, भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए क्या उपाय जरूरी हैं? ऐसे तमाम सवालों पर मंथन कर जांच होगी।

# पश्चिम बंगाल के तट से आज रात टकराएगा चक्रवात रेमल




### सरकार ने किया अलर्ट, कई उड़ाने भी रद्द

**कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात रेमल के पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपाड़ा के बीच आज रात टकराने की आशंका है। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि चक्रवाती तूफान 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तट से टकरा सकता है। इस दौरान समुद्र में 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका है, जिससे तटीय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निचले इलाके डूब सकते हैं।

चक्रवात के कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ाने रद्द कर दी गई हैं। यात्रियों को उड़ानें निलंबित होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आईएमडी ने बताया कि रेमल गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। 26 मई की मध्यरात्रि के आसपास एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के तटों से गुजरेगा। बंगाल सरकार ने शनिवार को उच्चस्तरीय बैठक की और चक्रवात से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। केंद्रीय कैबिनेट सचिव राजीव गाबा ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राज्य के अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया।

### त्रिपुरा के 8 जिलों के लिए जारी की चेतावनी

त्रिपुरा सरकार ने अगले 48 घंटों में भारी से बहुत भारी बारिश, तेज हवाओं और तूफान की चेतावनी के बाद सभी आठ जिलों में अलर्ट जारी किया है। अतिरिक्त सचिव (राजस्व) तमल मजूमदार ने कहा कि चक्रवाती तूफ़ान के प्रभाव के कारण 28 मई तक राज्य में भारी बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। 26 मई को दक्षिण त्रिपुरा, गोमती, धलाई, सिपाहीजला और पश्चिम त्रिपुरा जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

# हीट वेव का अलर्ट



**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में 27 मई से लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, नौतपा के पहले दिन तापमान लगभग सामान्य ही रहा। हालांकि हवा में नमी बने रहने के कारण दिनभर उमस महसूस हुई। मौसम विभाग के मुताबिक नौतपा के दूसरे दिन यानी आज भी अधिकतम तापमान में बहुत ज्यादा बदलाव के आसार नहीं है। रायपुर समेत कई जिलों में बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में सोमवार से तापमान में दो-तीन डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 42.5 राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया। वहीं, जगदलपुर में रात का तापमान 22.9 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिए 12 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 से 29 में मई तक रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, कोरबा, जांजगीर, मुंगेली, बलौदा बाजार, महासमुंद, कबीरधाम और बेमेतरा ग्रीष्म लहर चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

# आईपीएल का फाइनल आज : कोलकाता के सामने सनराइजर्स की चुनौती

**चेन्नई।** आईपीएल 2024 के फइनल में रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होना है। दोनों ही टीमों ने इस सीजन बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई है। अपने प्रभावी प्रदर्शन के दम पर कोलकाता और हैदराबाद तालिका में शीर्ष दो पर रही थी। क्वालिफायर-1 में दोनों टीमों के बीच एकतरफा मुकाबला देखने मिला था जहां कोलकाता ने हैदराबाद को मात देकर फइनल में प्रवेश किया था।

केकेआर और हैदराबाद के बीच फइनल मुकाबला चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर खेला जाएगा। हैदराबाद की टीम ने शुक्रवार को इसी मैदान पर क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। दोनों टीमें यहां की परिस्थिति को बखूबी जानते हैं। चेन्नई की पिच आमतौर पर धीमी रहती है जहां बल्लेबाजों के लिए तेजी से रन बनाना आसान नहीं होता है। ऐसा ही कुछ क्वालिफायर-2 के दौरान भी देखने मिला था जहां हैदराबाद ने खराब शुरुआत के बाद राजस्थान के सामने 176 रनों का लक्ष्य रखा और इसे सफलतापूर्वक हासिल किया था।



### स्पिनरों को मिल सकती है मदद

चेन्नई में स्पिनरों को मदद मिल सकती है। कोलकाता के पास सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती जैसे अनुभवी स्पिनर मौजूद हैं जो हैदराबाद के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। वहीं, हैदराबाद के पास भी शाहबाज अहमद और अभिषेक शर्मा है जिन्होंने क्वालिफायर-2 में राजस्थान के खिलाफ जीत में अहम योगदान दिया था। राजस्थान के खिलाफ गेंद काफी स्पिन कर रही थी जिससे बल्लेबाज बड़े शॉट नहीं खेल पा रहे थे।

### यह है संभावित इलेवन

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सुनील नरेन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती। (इम्पैक्ट सबः नीतीश राणा)

**सनराइजर्स हैदराबादः** अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, राहुल त्रिपाठी, नीतीश कुमार रेड्डी, एडेन मार्करम/ग्लेन फिलिप्स, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, जयदेव उनादकट/उमरान मलिक। (इम्पैक्ट सबः अब्दुल समद)

# खस्ताहाल सड़कों का कोर्ट ने लिया संज्ञान

श्रीकंचनपथ




मर गए सड़क हादसों से जुड़े सभी विभाग। तभी तो अदालत को अपना कीमती समय निकालना पड़ा। कवर्धा जिले में एक पिकअप पलट कर खाई में गिर गई। हादसे में 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। चार घायलों ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। इससे पहले 9 अप्रैल को कुम्हारी में एक खटारी बस 40 फीट गहरी खाई में गिर गई। इसमें भी 13 से अधिक लोगों की मौत हो गई। पिछले तीन महीनों में छत्तीसगढ़ में एक सौ से भी ज्यादा लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई हैं। इनमें से 25 मौतें पिकअप पलटने से हुई हैं। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफजस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने कवर्धा जिले में हुए सड़क हादसे में 19 आदिवासियों की मौत को जनहित का मामला माना है। इससे पहले भी उन्होंने प्रदेश की खस्ताहाल सड़कों का स्वतः संज्ञान लिया था। इस मामले में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव, सभी जिलों के कलेक्टर, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा स्टेट हाइवे के आला अफसरों को नोटिस जारी किया गया था। कवर्धा मामले में कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव, परिवहन आयुक्त, स्टेट हाईवे और एनएचएआइ के साथ ही कलेक्टर कबीरधाम सहित 10 अफसरों को पक्षकार बनाया है। इसके अलावा प्रदेश की खराब सड़कों की पड़ताल करने और रिपोर्ट देने के लिए चीफ जस्टिस ने चार अधिवक्ताओं को कोर्ट कमिश्नर भी नियुक्त किया है। यह स्थिति तब है जब देश में सड़कों का नेटवर्क तेजी से मजबूत हो रहा है। राज्य के कई शहर और राजमार्ग फ्लाईओवरों से पट गए हैं। पर इसके निर्माण में लगी एजेंसियों की लापरवाही देखते ही बनती है। वैसे भी जनता यह मान कर चलती है कि सड़कों के लिए आने वाले पैसों का लगभग आधा हिस्सा सरकारी अमले को खुश रखने पर खर्च हो जाता है। जिम्मेदार विभागीय अफसर दफ्तरों में बैठकर ही फाइल और चेक पर हस्ताक्षर करते हैं। सड़कों पर जो कुछ करना होता है वह ठेकेदार ही करता है। परिवहन विभाग की छवि भी कोई खास अच्छी नहीं है। इसे वसूली डिपार्टमेंट माना जाता है। इसलिए अनफिट बसें और ट्रक सड़कों पर बिंदास चलते हैं। सवारी वाहनों को छोड़ी भी दें तो मालवाहकों में भी मजदूरों का परिवहन किया जाता है। नेता, अफ्सर और ठेकेदार सभी इस हमाम में नंगे हैं। इसलिए सब एक दूसरे की इज्जत बचाते नजर आते हैं। यही कारण है कि अब खुद हाईकोर्ट को इस मामले में संज्ञान लेना पड़ा। यह इसलिए भी जरूरी है कि भारतीय सड़कों पर 2022 में प्रतिदिन 462 लोगों की मौत हुई। साल भर में कुल 4 लाख 61 हजार से ज्यादा सड़क हादसों में एक लाख 68 हजार लोगों की मौत हो गई। चालकों की लापरवाही और सुरक्षा मानकों के प्रति उदासीनता की ही तो चर्चा होती है पर सड़कों की गुणवत्ता, अंधे मोड़, बिना साइन बोर्ड के काटी गई सड़कों की चर्चा कम ही होती है।



## संपादकीय

# सरकार को संख्या कम करते रहना चाहिए

सरकार इस बार मजबूत स्थिति में है। उसने अपना लक्ष्य तय कर रखा है कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया करना है। इसके लिए हर तरह के उपाय काम मे लाए जा सकते हैं। इसके लिए सरकार ने बातचीत का रास्ता खुला रखा है। उसने साफ कर दिया है कि नक्सली सरेंडर करना चाहते हैं तो उनके लिए उनके सुझाव पर ही नई पुनर्वास नीति बनाई जाएगी। इसके लिए सरकार की तरफ से दो क्यूआर कोड जारी कर दिया गया है। अब नक्सली आनलाइन बता सकते हैं कि सरकारी पुनर्वास नीति कैसी होनी चाहिए।

> "अब नक्सली आनलाइन बता सकते हैं कि सरकारी पुनर्वास नीति कैसी होनी चाहिए। अब तक सरकार नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति बनाती थी तो खुद सोच समझ कर बना लेती थी। ऐसा पहली बार हो रहा है कि सरकार ने नक्सलियों की पुनर्वास नीति का फैसला किया है तो नक्सलियों से सुझाव लेकर यानी नक्सलियों के पुनर्वास की नीति बनानी है तो उसके लिए नकसिलोयं से सुझाव लिया जाना चाहिए।

सरकार की पुनर्वनास नीति में कोई कमी खामी होती है तो नकसली बता भी नहीं पाते थे कि यह कमी खामी है। अब नक्सलियों के सुझाव से जो पुनर्वास नीति बनेगी वह ज्यादा बेहतर होगी। सरकार चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा नक्सली सरेंडर करें और सरकार उनका उनके सुझाव के अनुसार बेहतरीन पुनर्वास कर सके। नक्सली चाहे तो इस सरेंडर कर इस रास्ते पर चल सकते हैं। यह अहिंसा का रास्ता है। संख्या में ज्यादा नक्सली सरेंडर करना चाहते है तो इसके लिए नक्सली सरकार से अपने किसी प्रतिनिधि व प्रतिनिधियों को भेजकर बात कर सकती है।

सरकार ने शांति के लिए बातचीत का रास्ता खुला रखा है, इसका मतलब नक्सलियों को यह नहीं निकालना चाहिए कि नकसली बात करना चाहते हैं तो सरकार नक्सलियों के खिलाफआपरेशन ही चलाना बंद कर देगी। पहले ऐसा होता था तो अब भी ऐसा होगा यह नक्सलियों की गलतफहमी है। सरकार को कहीं भी नक्सलियों को होने की खबर मिलेगी तो वह कार्रवाई तो करेगी ही। सरकार की तरफ से नक्सलियों पर हमले भी होंगे और उनका गिरफ्तार करने मुहिम भी चलाई जाएगी। सरकार को नकसलियों का सफाया करना है इसलिए वह तो नकस्लियों को मजबूत होने का कोई मौका देने वाली नही है। पहले नक्सली इसी तरह शांति वार्ता के लिए तैयार होते थे और सरकार से चाहते थे कि वह इस दौरान कोई कार्रवाई न करे। कमजोर सरकार ऐसा करती भी थी। वक्त मिलने पर नक्सली अपने को और मजबूत कर लेते थे और फिर हिंसक गतिविधियां शुरू कर देते थे।

अब नक्सली कमजोर पड़ रहे है और सरकार मजबूत है तो नक्सली नेता प्रताप की तरफ से मुठभेड में सात लोगों के मारे जाने की बात सुनकर कहा जा रहा है कि सरकार शांति वार्ता के लिए गंभीर नहीं है। प्रताप के गंभीर नहीं होने का यही मतलब है कि सरकार को नक्सलियों के कहीं होने की सूचना मिले तो वह कोई हमला न करे, नक्सलियों को न मारे। पहले नक्सली मजबूत स्थिति मे होत थे तो सरकार उनकी बात मान लेती थी लेकिन सरकार व नक्सली के बीच कोई शांतिवार्ता तो हुई नहीं है। नक्सली शांति वार्ता की जरूरत तब महसूस करते हैं जब वह कमजोर स्थिति में होते हैं। वह अपने को मजबूत करने के लिए समय चाहते हैं।सरकार को नक्सलियों को कोई समय नहीं देना चाहिए। आज सरकार मजबूत स्थिति में है इसलिए उसको नक्सलियों के सामने झुकने की कोई जरूरत नहीं है, उसे नकसलियों के सफाया का काम जारी रखना चाहिए। इससे नक्सलियों में मारे जाने का खौफ पैदा होगा और वह इसी डर की वजह से सरेंडर करते हैं। सरकार मजबूत स्थित में है तो उसे नक्सलियों के सामने झुकना नहीं चाहिए, उसे नक्सलियों को सरकार के सामने झुकने को मजबूर कर दिया जाना चाहि। अब समय नक्सलियों के सामने मजबूर होने का नहीं,उनको मजबूर कर देने का है।

आज नक्सली नेता भले कहे कि हम अमित शाह के अनुसार हथियार डालकर शांतिवार्ता करने के पक्ष में नहीं है। शांति वार्ता के लिए शांति का जनवादी माहौल होना चाहिए। नक्सली नेता खुद को भले ही जल, जंगल व जमीन के लिए लड़ने वाले क्रांतिकारी कहे सरकार को उनकी बातों में आने की जरूरत नहीं है, नक्सलियों पर हर हमला,उन्हें कमजोर करने वाला है, हर बार नक्सली मारे जा रहे हैं तो इसका मतलब है नक्सली संख्या में कम हो रहे हैं। वह जितना सरेंटर करेंगे, उतनी ही संख्या में कम होते जाएंगे, वह जितने ज्यादा गिरफ्तार किए जाएंगे, संख्या में कम होते जाएंगे। सरकार को रोज नक्सलियों की संख्या चाहे मारकर कम करना पड़े, गिरफ्तार कर कम करना पड़े या सरेंडर करवा कर कम करना पड़े, कम करते रहना चाहिए।

नजरिया

# आरक्षण पर अदालत से दो-दो हाथ को तैयार बंगाल सरकार

*पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के दो फैसलों से लगे झटके के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी न्यायपालिका से दो-दो हाथ करने के मूड में नजर आ रही हैं। वर्ष 2010 के बाद जारी अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) प्रमाणपत्रों को रद्द करने के हाईकोर्ट के ताजा फैसले के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा अदालत पर भी टिप्पणी की है।*

प्रभाकर मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार




उन्होंने इसे भाजपा व प्रधानमंत्री को खुश करने के लिए किया गया फैसला बताया है। अदालत के ताजा फैसले से करीब पांच लाख लोगों के प्रभावित होने का अंदेशा है। राज्य में छठे और सातवें दौर के मतदान से पहले आए इस अदालती फैसले से राज्य सरकार को करारा झटका लगा है। इससे पहले बीते महीने ही हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में करीब 26 हजार शिक्षकों की भर्ती रद्द कर दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर अंतरिम रोक लगा दी है, पर उन हजारों लोगों का भविष्य अनिश्चित ही है। अब ओबीसी आरक्षण पर ताजा फैसला ही राज्य में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया है।

इसके बाद भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस की कथित मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के लिए उसको कठघरे में खड़ा किया है, तो प्रधानमंत्री मोदी ने इसे विपक्षी गठबंधन के चेहरे पर करारा थप्पड़ बताया है। सीपीएम और कांग्रेस ने भी अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि ममता सरकार ने अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए ओबीसी के नाम पर अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने का जो फैसला किया था, उसे अदालत ने गैर-कानूनी बताते हुए रद्द कर दिया है। इस तरह, सरकार लाखों लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की दोषी है।

दरअसल, इस मामले की शुरुआत वर्ष 2010 में तत्कालीन वाम-मोर्चा सरकार के आखिरी दिनों में हुई थी। सरकार ने जनजातियों के चयन का काम पिछड़ा वर्ग आयोग को सौंपा था, पर उसकी अंतिम रिपोर्ट आने से पहले ही उसने 43 जातियों को ओबीसी की सूची में शामिल करने का फैसला किया था। तब इसके लिए ओबीसी में दो वर्ग-ओबीसी-ए और ओबीसी-बी बनाए गए थे। इनमें दस फीसदी आरक्षण ग्रुप-ए में शामिल अति पिछड़ी जातियों को मिलना था। उनमें ज्यादातर मुस्लिम थे। बाकी सात फीसदी आरक्षण के दायरे में वे जातियां शामिल थीं, जो वर्ग-ए में शामिल जातियों के मुकाबले कम पिछड़ी थीं, पर इससे संबंधित विधेयक को राज्यपाल की सहमति नहीं मिलने के कारण सरकार इसे कानूनी दर्जा न दे सकी थी। बाद में वह सरकार सत्ता से बाहर हो गई। वर्ष 2011 में ममता सरकार के सत्ता में आने के बाद अगले वर्ष 35 जातियों को ओबीसीमें शामिल किया गया, जिनमें से ज्यादातर मुस्लिम थीं।

अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि 8 फरवरी, 2010 को तत्कालीन वाम-मोर्चा सरकार ने मुस्लिमों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का एलान किया था। उसके छह महीने के भीतर तत्कालीन पिछड़ा वर्ग आयोग ने 42 जातियों को ओबीसी की सूची में शामिल करने की सिफारिश की, जिनमें से 41 मुस्लिम जातियां थीं, सरकार ने उस सिफारिश को मंजूरी दे दी थी। उसके बाद 11 मई, 2012 को ममता सरकार ने और 35 जातियों को उस सूची में शामिल कर दिया। अदालत का कहना है, इस मामले में कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं हुआ।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह इस फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि न्यायपालिका के प्रति उनकी श्रद्धा है, पर हर जगह अच्छे-बुरे लोग होते हैं। हाईकोर्ट का कोई जज इस्तीफा देकर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहा है, तो कोई रिटायरमेंट के दिन कहता है कि वह तो शुरू से ही आरएसएस का सदस्य रहा है, इससे समझा जा सकता है कि उनके फैसलों पर किसका असर रहा होगा। ममता ने आरोप लगाया है कि भाजपा इस फैसले के जरिये पिछड़े मुसलमानों का आरक्षण खत्म करना चाहती है।

अभी राज्य में आखिरी दो चरणों में जिन सीटों पर मतदान होना है, वहां अल्पसंख्यक और अन्य पिछड़ी जातियों के मतदाताओं की खासी तादाद है। यही वजह है कि ममता इस मुद्दे पर काफी आक्रामक नजर आ रही हैं। अवमानना की परवाह किए बिना वह न्यायपालिका से भी टकराव की राह पर बढ़ती नजर आ रही हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# राजधानी में ऐसा जल संकट फिर नहीं होगा

डी पी करमरकर,
तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

**उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में बढ़ती गरमी के साथ जल संकट गहराने लगा है। मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली में भी जलापूर्ति चर्चा का विषय है। आखिर कैसे हो स्थायी समाधान?**



अध्यक्ष महोदय, मैंने यह निवेदन किया था कि यह मामला पक्ष लेने का नहीं है। इसका सब पक्षों से संबंध है और सारी दिल्ली की जनता के लिए यह महत्व की बात है। मैंने अपने विभिन्न माननीय सहयोगियों की बातें सुनी हैं। तीन बातें मेरी समझ में आई हैं और मैंने तीन प्रश्न अपने से पूछे हैं। आज और कल जो पानी की कमी हुई है, उसमें क्या कोई भूल हुई है? क्या कोई ऐसा उपाय है, जिससे अधिकारी संकट को टाल सकते थे? क्या कोई ऐसी सावधानी है, जो नहीं बरती गई है?

पीलिया संबंधी समिति के प्रतिवेदन की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। हम समिति की सिफारिशों का बहुत ही सम्मान करते हैं। पीलिया संकट के समय मामले की पूरी छानबीन की गई थी। हमने समिति की सिफरिशों को स्वीकार कर लिया था। केवल दो सिफारिशें स्वीकृत नहीं की गई थीं। दो सिफारिशों का संबंध उत्तर प्रदेश राज्य और हिंडन से पानी लेने के संबंध में था। इस संबंध में भारत सरकार और निगम में बातचीत हो सकती है। संबद्ध राज्य पंजाब और उत्तर प्रदेश है।

क्या हम कोई जलाशय की व्यवस्था नहीं कर सकते? दिल्ली की स्थिति इस संबंध में विचित्र है। बम्बई में यह संभव है और वहां पानी का संग्रह किया जा सकता है। यहां पानी का सबसे प्रमुख साधन यमुना है। यहां हिमालय से पानी को खींचकर तो एकत्रित नहीं किया जा सकता। न यह बात क्रियात्मक ही है। विशषेज्ञों ने इस सुझाव को असंभव बताया है। चाहे हम इसे पसंद करें, चाहे न करें, हमें मुख्यत: दिल्ली की आवश्यकताओं के लिए यमुना पर ही आश्रित रहना होगा। पानी संग्रह करने की कठिनाइयों को सदन अच्छी प्रकार जानता है। इसलिए यह सुझाव व्यावहारिक नहीं है। वर्तमान जलाशय के स्थान को बढ़ाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। एक बात हम भूल जाते हैं और वह यह कि इस काम को करने वाले कर्मचारी कई बार हालात के सामने असमर्थ हो जाते हैं। उनके बस की बात नहीं रहती। पीलिया के पश्चात देश भर में कई प्रकार की महामारियां आईं, परंतु दिल्ली सबसे बची रही। माननीय सदस्य इस बात का परीक्षण कर सकते हैं कि इस सबका श्रेय उनको है, जो रात-दिन पानी के शुद्ध संभरण की देख-रेख करते हैं। यह मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि पानी की शुद्धता किसी भी नगर से कम नहीं है। कल यह बात नहीं थी कि पानी बिल्कुल कट ही गया हो। प्रथम तल वालों को पानी नहीं उपलब्ध हो रहा था। हमें यह कभी भी आशा नहीं थी कि जल संभरण पूर्ण रूप से रुक जाएगा। अगले वर्ष ही हम आपको यह बताने में समर्थ होंगे कि नदी नियंत्रित की जा चुकी है या नहीं। आशा है, 1956 की ग्रीष्म ऋतु में नदी के प्रवाह बदलने की आशंका नहीं रहेगी। दिल्ली में 22 लाख व्यक्तियों में से केवल 18 लाख व्यक्तियों को शुद्ध जल प्राप्त होता है। चार लाख व्यक्ति अशुद्ध जल ही पीते हैं। दिल्ली में प्रति व्यक्ति पानी की खपत देश भर में सबसे अधिक है, अर्थात 35 गैलन प्रति दिन है।


हम दिल्ली के जल संभरण को 6.2 करोड़ से बढ़ाकर 9 करोड़ गैलन करना चाहते हैं, क्योंकि अभी हम चार लाख व्यक्तियों को शुद्ध जल नहीं दे पाते हैं। इस संबंध में एक कठिनाई और भी है। दिल्ली की जनसंख्या में पिछले चार-पांच वर्षों से 60,000 से 80,000 तक वृद्धि प्रतिवर्ष हो रही है।

वस्तुत: हम जल संभरण (आपूर्ति) की समस्या के संबंध में अत्यधिक चिंतित हैं, क्योंकि भले ही दिल्ली की सारी समस्याएं हल हो जाएं, पर जब तक जल संभरण की यह समस्या हल नहीं होगी, तब तक यह हमारी असफलता ही समझी जाएगी। मैं स्वयं इस बात की सावधानी से देखभाल करूंगा। दिल्ली निगम स्वयं एक उत्तरदायी संस्था है। निगम बड़ी कुशलतापूर्वक कार्य कर रहा है और आशा है, भविष्य में यह आशंका ही पैदा नहीं होगी।

**( लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से )**

## अकेले महिलाओं को दोषी नहीं ठहराया जा सकता

अमेरिका की प्रजनन दर में 2023 के दौरान 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की ताजा रपट के अनुसार आस्ट्रेलिया में भी समान पैटर्न नजर आ रहा है। कह रहे हैं कि कोविड-19 महामारी के चरम के वक्त प्रजजन दर में अस्थाई वृद्धि देखी गयी थी। जिसे छोड़ कर अमेरिकी प्रजनन दर लगातार गिर रही है। इससे कम प्रजनन दर के मामले में जापान, दक्षिण कोरिया व इटली हैं। अमेरिका व आस्ट्रेलिया में इस वक्त प्रजनन दर 1.6 है। जबकि दक्षिण कोरिया में 0.68 रह गयी है।



इन देशों में जितने बच्चे जन्म रहे हैं, उससे ज्यादा मौतें हो रही हैं। असल सवाल महिलाओं के कम बच्चे पैदा करने पर जा अटकता है। यूं भी आस्ट्रेलियाई महिलाएं दुनिया में सबसे शिक्षित हैं। पढ़ाई को काफी वक्त देने के बाद वे करियर बनाने में जुट जाती हैं। बच्चे पालना महंगा तथा समय लेने वाली जिम्मेदारी है। महिलाएं ही नहीं पुरुष भी स्थाई नौकरी व आर्थिक सुरक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं। अमीर देश ही नहीं, दुनिया भर के 204 देशों और क्षेत्रों में से 155 यानी 76प्रतिशत में 2050 तक प्रजनन दर जनसंख्या प्रतिस्थापन स्तर से नीचे पहुंच जाएगी। जनसंख्या को स्थिर बनाये रखने के लिए प्रति महिला 2.1 प्रजनन दर की आवश्यकता है। चूंकि अपने यहां इस वक्त उर्वर यानी 18-35 की उम्र वालों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक तकरीबन साठ करोड़ बतायी जा रही है।

विश्लेषकों का अनुमान है कि जनसंख्या 2064 में लगभ 9.7 अरब पहुंच सकती है। मगर 2100 में यह सिकुड़ कर 8.8 अरब पर थम सकती है। प्रजनन दर में आने वाली गिरावट के लिए अकेले महिलाओं को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यह सच है कि बच्चों के लालन-पालन में लगने वाले समय, ऊर्जा व धन को लेकर मानदंड बलदते जा रहे हैं। दूसरे देर से युवावस्था की ढलाने में हो रही शादियां व प्रजनन क्षमता में होने वाली गिरावट/दिक्कतों की अनदेखी नहीं की जा सकती। बदलती जीवन-चर्या, आर्थिक दबाव, करियर की बढ़ती मांगे, प्रतिस्पर्धा आदि ने युवाओं का जेहनी सुकून छीना है। बच्चों की देखभाल की उचित व्यवस्था का अभाव भी युवाओं को परिवार बढ़ाने से विमुख करता है। यह जटिल समस्या नहीं है, इसे लाइफ स्टाइल से जोड़ कर देखा जाना चाहिए और इसे सुधारने के प्रति सभी को आगे बढ़ना चाहिए।

**( आरएनएस )**

# नए भारत की साहसिक पहल

डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र

**अमेरिका द्वारा भारत-ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह परियोजना के संबंध में हुई डील को नया बताकर अपनी नराजगी व्यक्त की गई। इसके साथ ही भारत-ईरान के बीच 10 साल के इस अनुबंध पर अमेरिका प्रतिबंध लगा सकता है क्योंकि वह इसे नए दृष्टिकोण से देख रहा है अमेरिका को इस बात का गंभीरता से भी विचार करना होगा कि दबाव, दमन, दहशत व दादागिरी की नीति हमेशा नहीं चलती है। प्रत्येक देश अपने भू आर्थिक, भू-राजनीतिक तथा भू-सामरिक हितों को ध्यान में रखकर कार्य करता है जैसा कि भारत ने ईरान के साथ इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। भारत चाबहार बंदरगाह को पाकिस्तान में चीन द्वारा निर्मित बंदरगाह के काउंटर के रूप में देखता है।**



भारत और ईरान के चाबहार बंदरगाह के संगठन और उनके अनुबंध के लिए और मेगा कनेक्टिविटी योजनाओं के माध्यम से परियोजनाओं के अगले चरण के विकसित करने के लिए यह समझौता हुआ है। भारत इसे अंतराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के साथ एकीकृत करने की योजना बना रहा है, ताकि ईरान के माध्यम से भारत से रूस तक एक निर्बाध व्यापारिक मार्ग तैयार किया जा सके। भारत एक संयुक्त देश है और यह अनुबंध भारत और ईरान दोनों देशों के लिए बेहद एक सामयिक, सामरिक एवं संवेदनशील विशेष समझौता है कि मध्य एशिया और उससे आगे तक पहुंच आसान हो जाएगी। यह चीन द्वारा पाकिस्तान के ग्वादर में बनाई जा रही अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का एक करारा जवाब भी है।

ओमान की खाड़ी पर दक्षिणी पूर्वी ईरान में स्थित चाबहार एक महत्त्वपूर्ण बंदरगाह है। यह ईरान के एकमात्र समुद्री बंदरगाह के रूप में कार्य करता है और इसमें 'शाहिद कलंतरी' 'शाहिद बेहिश्ती' नामक दो अलग-अलग बंदरगाह शामिल हैं। यह बंदरगाह भारत को अरब सागर में चीन की उपस्थिति को नजरअंदाज करने में सक्रिय सहयोग देता है। अपनी भौगोलिक अवस्थिति, आर्थिक व व्यापारिक तथा सामरिक कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत के लिए एक विशेष महत्त्व का क्षेत्र है। यही कारण है कि इस बंदरगाह को अंतराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) के रूप में भी जाना जाता है। उल्लेखनीय है कि यह भारत, ईरान, अफगानिस्तान, अजरबैजान, अर्मेनिया, रूस के साथ ही मध्य एशिया तथा यूरोप के बीच व्यापार हेतु 7200 किलोमीटर की बहुउद्देश्यीय परिवहन परियोजना भी है। भारत अल्पकालिक समझौते पर इस बंदरगाह का संचालन कर रहा था, जिसे समय-समय पर नवीनीकृत करना पड़ता था। जब चाबहार में निवेश की बात आई तो अल्पकालिक समझौते और ईरान के भू-राजनीतिक तनाव ने शिपर्स और निवेशकों को इससे दूर रखा था। इसके कारण एक बार तो ईरान इस समझौते में प्रगति न होने के कारण अपने कदम चीन की ओर बढ़ाने की मंशा बना ली थी। वास्तव में इस योजना को क्रियान्वित करने की चीन की क्षमता एवं संपन्नता भी थी।

भारत के इस समझौते के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध की चेतावनी को 'प्रतिबंधों का संभावित जोखिम' की बात कहकर अपने रुख में परिवर्तन का संकेत दिया है। आखिरकार भारत ने अपने रणनीतिक एवं आर्थिक महत्त्व चाबहार बंदरगाह को दस वर्ष के लिए विकसित और संचालित करने के लिए ईरान के साथ 13 मई को इस समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। वास्तव में यह एक नए भारत की साहसिक पहल है जो किसी भी प्रतिबंध की अब परवाह नहीं करता, विशेष रूप से भू-आर्थिक, भू-सामरिक एवं भू-राजनीतिक पहल के मामलों में। आखिर द्वंद्व कहां तक टाला जाए, भारत समझ गया है कि समय पर सामरिक व आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर जरूरी हो गए, जिसे जरूरत पड़ने पर जवाब देना भी जेहन में रखना होगा। यह बात अमेरिका को समझनी होगी कि यह समझौता कोई 'नया' नहीं है, यह तो केवल विगत रूप में संचालित हो रहे कार्यक्रम की निरंतरता है। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह में चीन की मौजूदगी को देखते हुए भारत की चाबहार की ओर पहल एक महत्त्वपूर्ण सामयिक एवं सामरिक आवश्यकता बन गई थी।

स्मरणीय है कि अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2018 में भारत, चीन तथा तुर्की को ईरान प्रतिबंधों से छूट दी थी, जबकि वाशिंगटन ओमान की खाड़ी के बंदरगाह पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा था1 चूंकि यह युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में उसकी उपस्थिति के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण था। वास्तव में अगर अमेरिका इसे एक नए समझौते के रूप में देखता है तो यह उसकी भारी-भूल होगी, क्योंकि मई 2016 में मूल रूप से हस्ताक्षर करने के बाद से इस पर बहुत काम हुआ है। भारत चाबहार बंदरगाह में बेहिश्ती टर्मिनल को विकसित करने के लिए भारी-भरकम निवेश कर चुका है। यह बात भी विशेष ध्यान देने योग्य है कि भारत पहले ही अमेरिका के दबाव के कारण फारस की खाड़ी में फरजाद-बी गैस क्षेत्र खो चुका है, जो वास्तव में भारत के लिए एक विशेष आकषर्क तथा आर्थिक व रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण परियोजना थी। अत: भारत ईरान के चाबहार बंदरगाह के शाहिद बेहिश्ती टर्मिनल का प्रबंधन अब अपने हाथ में लेने की अवहेलना कदापि नहीं कर सकता है। यदि भारत किसी कारणवश अमेरिकी प्रतिबंध के दबाव में आ जाता तो खाड़ी क्षेत्र में अपना आर्थिक आधार एवं रणनीतिक प्रभाव खो देता।

यह भी जानना जरूरी है कि अमेरिका द्वारा पहले दी गई प्रतिबंधों की छूट के बाद भारत और ईरान स्वतंत्रता और प्रति-प्रसार अधिनियम 2012 के तहत वाशिंगटन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को मात देने की अनुमति प्रदान की थी। भारत के अलावा चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान, तुर्की, ग्रीस तथा इटली आदि को अस्थायी छूट प्रदान की गई थी। इसके साथ ही इन सभी देशों को फारस की खाड़ी देश के साथ व्यापार करने की अनुमति दी गई थी। इस समझौते में भारत ने अपना दृढ़ विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाया जो कि सामयिक व सामरिक रूप से बेहद अनिवार्य था। भौतिकता एवं आर्थिक होड़ की दौड़ में कोई भी देश, किसी भी देश का स्थायी मित्र या शत्रु नहीं रह सकता। प्रत्येक राष्ट्र की सभी नीतियों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति होती है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### मकान समय अनुसार बने अच्छा, प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण

**रायपुर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ए च पी भागीदारी में किफायती आवास का निर्माण मोर जमीन मोर मकान योजना के अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा मकान का निर्माण किया रहा है द्य बन रहे मकान का सतत निरीक्षण एवं हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के लिए नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निर्देश दिया है उसी के तारतम में कार्यपालन अभियंता बी के वर्मा, सहायक अभियंता अजय गौर, कुरूद बस्ती पहुंचकर बन रहे 17 मकान का निरीक्षण किया, प्रधानमंत्री आवास योजना में मोर जमीन मोर मकान के अंतर्गत हितग्राही का स्वयं का जमीन पर निर्धारित नक्शे के आधार पर सरकार द्वारा प्रदाय सहयोग राशि से मकान बनाया जाता है, निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्यों को बुलाकर के हिदायत दी गई थी सभी मकान निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ बना दें, जिससे बरसात आने से पहले हितग्राही अपने परिवार सहित अपने मकान में निवास करने लगे निरीक्षण के दौरान हितग्राही बाराती राम साहू ने बताया मेरी बड़ी इच्छा थी मेरा भी पक्का मकान हो जो अब बन रहा है मुझे अपने आंखों के सामने अपना मकान बनते देखते हुए बड़ी खुशी हो रही है। सुडा से निर्धारित लक्ष्य दिया गया है की सभी मकान समय अनुसार गुणवत्ता के साथ बन जाए. उसी के लक्ष्य के पूर्ति के लिए सतत निगरानी किया जा रहा है इसका एक कैलेंडर बना हुआ है जिसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में निगम के अधिकारियों द्वारा जाकर निरीक्षण किया जा रहा है।

### इको टूरिज्म को बढ़ावा देने गंगरेल में इको टूरिज्म गिफ्ट शॉप की हुई शुरुआत

**धमतरी।** जिले का पर्यटन स्थल रविशंकर सागर जलाशय पर बने गंगरेल बांध को स्वच्छ, सुंदर और पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाने के साथ ही जिले में जल संरक्षण के लिए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत बीते दिनों गंगरेल बांध और उसके आस पास अधिकारियों, स्थानीय लोगों द्वारा सफाई की गई। वहीं कलेक्टर की पहल पर जिले में जल संरक्षण के लिए जल जगार उत्सव भी लगातार गांवों में मनाया जा रहा है। इन्हीं सब कार्यक्रमों की कड़ी में कलेक्टर के कार्यों से प्रेरित होकर इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम गंगरेल की सहेली स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गंगरेल इको टूरिज्म गिफ्ट शॉप संचालित किया जा रहा है। बीते दिन कलेक्टर गांधी सहित सी ई ओ ज़िला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, एस डी एम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल ने गंगरेल पहुंच गिफ्ट शॉप में टी शर्ट सहित विभिन्न सामग्रियो की खरीददारी कर इसकी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इस शॉप में सभी कपड़े और अन्य इको फ्रेंडली वस्तुएं हैं, जिससे पर्यटन स्थल में प्रदूषण से बचा जा सकता है। इसके अलावा यहां आने वाले पर्यटकों के जरिए दूर दराज तक जिले के इको टूरिज्म की जानकारी पहुंच सकेगी। साथ ही यहां कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जो समूह द्वारा निर्मित किया जा रहा है, इससे महिलाओं को कमाई का जरिया और बाजार मिल गया।दरअसल इस इको टूरिज्म गिफ्ट शॉप में टी शर्ट, टोपी, की रिंग सहित विभिन्न सामग्रियों में जिले के इको टूरिज्म स्थल को दर्शाया गया है। कलेक्टर ने समूह की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यटन स्थल के प्रचार सहित पर्यावरण संरक्षण में उनके द्वारा किए गए प्रयास काफी सराहनीय है।

# नक्सलवाद का खात्मा नही चाहती कांग्रेस-शिवरतन शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नक्सल समर्थक बयान को लेकर तीखा हमला बोलते हुए इसे बेहद शर्मनाक बताया है। श्री शर्मा ने बैज को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बहुत ही दुःख की बात है कि आज ऐसे दिन, जब कांग्रेस से ही जुड़े प्रदेश के अनेक नेता नक्सल हमले में दिवंगत हुए थे, उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष प्रेस वार्ता लेकर नक्सलियों के समर्थन से संबंधित बयान जारी करें।




इससे बढ़ कर अफ़सोसनाक बात और कुछ नहीं हो सकती। श्री शर्मा ने बैज से सीधा सवाल किया कि कांग्रेस यह साफकरे कि वह छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का खात्मा चाहती है या नहीं? भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि अभी छत्तीसगढ़ सबसे बड़ी लड़ाई नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ रहा है। सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता भी मिल रही है। डेढ़ माह में 112 से अधिक नक्सली मारे गए हैं, सैकड़ों गिरफ़्तार हुए हैं, बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं। आज भी 35 नक्सली के आत्मसमर्पण की खबर है। ऐसे समय अपने ही जवानों पर अविश्वास करते हुए मुठभेड़ की जांच के लिए कांग्रेस द्वारा कमिटी बनाया जाना ही आपत्तिजनक है। एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक आदि पर सवाल उठाने की तर्ज़ पर ही कांग्रेस हर कदम पर सवाल उठा कर सुरक्षा बलों का मनोबल तोड़ने का कार्य करती है, कांग्रेस के ऐसे आचरण की जितनी निंदा की जाय, कम है। शनिवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में श्री शर्मा ने कहा कि आश्चर्य यह है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की आत्मसमर्पण नीति पर राह से भटक गए स्थानीय नक्सलियों तक को भरोसा है, लेकिन कांग्रेस ऐसा कोई भरोसा दिखाने के लिए तैयार नहीं है। मुद्दई सुस्त गवाह चुस्त की तर्ज़ पर ऐसी घटनाओं पर भी कांग्रेस सवाल उठाती है, जिसके बारे में नक्सली भी सवाल नहीं करते। श्री शर्मा ने कहा कि 'छोटे बेटिया' मुठभेड़, जिसमें 29 नक्सली मारे गए थे, को फ़र्ज़ी बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान देखा। आश्चर्य यह है कि स्वयं नक्सलियों ने मृतकों के नाम जारी कर माना कि सभी मारे गए माओवादी उनके संगठन से जुड़े थे, तब भी कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री इसे फ़र्ज़ी करार देकर सुरक्षा बलों का मनोबल तोड़ने में लगे हुए थे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि शासन ने 8 अप्रैल से पहले 50 नक्सलियों के मारे जाने की बात कही कांग्रेस तब भी उसे फर्जी मुठभेड़ बताती रही। 16 अप्रेल को जवानों ने 29 वर्दीधारी नक्सलियों को मुठभेड़ में मारा गया तब भूपेश बघेल तुरंत उनके समर्थन में खड़े हो गए और इसे फर्जी मुठभेड़ बताया।

कांग्रेस अध्यक्ष बैज कहते हैं कि जो लोग मारे गए उनके परिवार आज भी गांव में है। मतलब वह निर्दोष हैं। कुछ दिन पूर्व जब जवान पूवर्ती पहुंचे तो वहां कुख्यात नक्सली हिड़मा की मां मिली तो क्या बैज हिड़मा को नक्सली नहीं मानेंगे? श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ नक्सलियों के मारे जाने पर टीम गठित करती है। सैकड़ों ग्रामीणों को मुखबिर बताकर नक्सलियों ने मार डाला। अभी तक इस लड़ाई में सैकड़ों जवानों ने अपनी जान दे दी है। कुछ दिन पहले दो बच्चे प्रेशर बम की चपेट में मारे गए। 13 अप्रैल को बीजापुर,11 मई को शान्तिपूनेम,14 मई को बोड़गा में 2 बच्चे की मौत में प्रेशर बम की चपेट में मारे गए। उनकी जांच के लिए कभी कांग्रेस पहल क्यों नहीं करती है? बैज यह बात गाँठ बांध लें कि 2 साल के अंदर छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद खत्म होकर रहेगा। हमें आदिवासी क्षेत्र का विकास करना है इसलिए हम नियद नेल्लानार योजना लाये हैं। अभी शासन ने बाकायदा मेल आईडी और गूगल फॉर्म जारी करके नक्सलियों से पूछा है कि वह पुनर्वास नीति में क्या चाहते हैं? लेकिन यह भी स्पष्ट है कि जो बंदूक की भाषा बोलेंगे उनसे संघर्ष तो करना पड़ेगा।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस आज कहाँ से संचालित है, किसके पक्ष में काम कर रही है, यह समझना अब कठिन नहीं है। यहाँ तक कि नक्सली नेता पत्र लिखकर कांग्रेस नेताओं के बयानों को सही बता रहे हैं। भाजपा ने अभी तक नक्सल हमले में सौ से अधिक कार्यकर्ताओं को खोया है। प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतागण आज के दिन ही बड़े नक्सल हमले में दिवंगत हुए थे, बावजूद इस तथ्य के कांग्रेस द्वारा नक्सलियों को परोक्ष और अनेक बार प्रत्यक्ष समर्थन भी चिंता का विषय है।

# मैक सॉलिटेयर में पर्सनेलिटी डेवलपमेंट पर प्रशिक्षण का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक) ने 25 मई को 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं और लड़कियों के लिए आत्म-संवर्धन, व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व गुणों पर केंद्रित एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया।



मैक सोलिटेयर कार्यक्रम का यह विशिष्ट आयोजन प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय प्राइम ट्रेनर, पीपीपी जेएफआर जेसीआई सेन. राजेश अग्रवाल द्वारा संचालित किया गया। राजेश अग्रवाल, जो अपने व्यावहारिक और संलग्न प्रशिक्षण विधियों के लिए जाने जाते हैं, इन्होंने इस सत्र का नेतृत्व किया ताकि प्रतिभागियों को आत्मविश्वास बढ़ाने, संचार में सुधार करने और मजबूत नेतृत्व कौशल विकसित करने में मदद मिल सके। 8वा अजूबा सत्र न केवल सूचनात्मक था बल्कि इंटरैक्टिव और आनंददायक भी था। प्रशिक्षण में व्यक्तिगत विकास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा किया गया, जिसमें आत्म-प्रस्तुति, प्रभावी संचार और नेतृत्व विकास शामिल थे। प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास बढ़ाने, संचार कौशल को बढ़ाने और नेतृत्व गुणों को विकसित करने के लिए मूल्यवान तकनीकों को सीखा। इसके अतिरिक्त, सत्र ने संतुलित जीवन प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें छह प्रमुख क्षेत्रों को संबोधित किया गया: परिवार, सामाजिक जीवन, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता और आध्यात्मिक कल्याण। इस व्यापक दृष्टिकोण ने प्रतिभागियों के व्यक्तिगत पर 360ए दृष्टिकोण प्रदान किया। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए समर्पित है जो व्यक्तियों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए सशक्त बनाते हैं।

मैक सोलिटेयर कार्यक्रम कॉलेज की अपने छात्रों और व्यापक समुदाय के बीच व्यक्तिगत विकास के साथ बैलेंस लाइफको बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.एस. मिश्रा, चैप्टर इंचार्ज जे.सी ऋषि पांडे और प्रेसिडेंट फ़रज़ान सिद्दीक़,आईपीपी जे.सी कृति अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# सीएमएचओ ने बरमकेला ब्लॉक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कलेक्टर साहू के निर्देश (जिले में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले) पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला के मीटिंग हॉल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी संजय पटेल की अध्यक्षता में ब्लॉक की समस्त सेक्टर चिकित्सा अधिकारी, पर्यवेक्षक, नोडल अधिकारी, सीएचओ, आरएचओ का दो माह का मासिक बैठक लेकर समीक्षा किया गया।

बैठक में सरकार के सभी भी योजनाओ और कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। गर्भवती माता को लेकर विशेष चर्चा हुई है। मातृ स्वास्थ्य और शिशु स्वास्थ्य पर भी प्रभावशील कार्य करने के लिए कहा गया। वर्षा ऋतु में जो जल जनित बीमारियां होती हैं उनके बचाव और रोकथाम के लिए भी सार्थक चर्चा हुई।

बरमकेला ब्लाक के 27 गांव ऐसे हैं जहां पर बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में बाढ़ आपदा राहत के लिए भी दवाइयां का भंडारण और ब्लीचिंग पाउडर क्लोरीन टैबलेट खुजली की दवाइयां आदि आवश्यक दवा रहती है, उसका समय से पूर्व भंडारण सुनिश्चित करने कहा गया।

# रोज हो रहे हादसे, क्राइम बढ़ा, कंट्रोल करने वाला कोई नहीं : कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कवर्धा सड़क हादसे में 19 मौतों को बिलासपुर हाईकोर्ट ने जनहित याचिका माना है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हाई कोर्ट ने राज्य में बेलगाम परिवहन व्यवस्था और कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा किया है। यह राज्य सरकार की अक्षमता है कि उच्च न्यायालय को स्वयं संज्ञान लेकर कड़ी टिप्पणी करना पड़ रहा है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा है ''रोज दुर्घटनायें हो रही है कोई ध्यान देने वाला नहीं है। नेशनल हाईवे में हैवी ट्रेफिक है, सड़के उखड़ी हुई है कोई ध्यान देने वाला नहीं है। बिलासपुर में क्राइम बढ़ा है, ट्रेफिक बदहाल है, पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। कन्ट्रोल करने वाला कोई नहीं है।'' हाई कोर्ट की इस तल्ख टिप्पणी के बाद नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री जिनके पास परिवहन विभाग है तथा गृहमंत्री विजय शर्मा जो राज्य की कानून व्यवस्था संभाल नहीं पा रहे अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य की पुलिस और परिवहन अमला चेकिंग का उपक्रम करके सिर्फ वसूली करने में व्यस्त है। प्रदेश के सभी मार्गो पर हर एक किलोमीटर में ट्रेफिक, आरटीओ और पुलिस की चेकिंग वैन सड़क के किनारे वाहनों को रोकते दिख जायेगी। इनका काम केवल अवैध उगाही करना और अवैध इन्ट्री शुल्क वसूलना रह गया। मालवाहक वाहन में दर्जनों की संख्या में लोक ठूस-ठूस कर ले जाये जाते है पुलिस और आरटीओ, ट्रैफिक विभाग के लोग चंद रुपयों के बदले मौन रहते है। पंडरिया हादसा सरकार के भ्रष्टाचार का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने बिलासपुर की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है लेकिन पूरे प्रदेश में यही हालात है। पांच माह में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। गुंडे, अपराधी, लूटेरे, चोर बेलगाम हो गये है, बलात्कार और हत्यायें आम हो गयी है।

### कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा

# आयुष्मान कार्ड एवं मरीजों के इलाज के लिए जरुरी दस्तावेज की कमी के लिए लोगों को करें जागरुक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के कामकाज और जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने के संबंध में गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करते जन सामान्य को स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ कर्मचारी मैदानी स्तर के अम्लों के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधा सुलभ होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने एवं अन्य योजनाओं में लक्ष्य निर्धारित कर प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने कहा कि चिकित्सा केंद्र में आने वाले आम नागरिकों के साथ आप सरलता से व्यवहार कर उनकी परेशानियों को सुने और उपचार करें। उन्होंने हाट बाजार क्लीनिक की समीक्षा कर जिले में हॉट बाजार क्लिनिक की सेवा संचालन बेहतर ढंग से करने कहा एवं सुदूरवनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का उपचार करने कहा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि, आयुष्मान कार्ड केवाईसी रिपोर्ट की जानकारी की विस्तृत समीक्षा कर स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड शासन की महत्वपूर्ण योजना एवं मरीजो के इलाज के लिए जरूरी दस्तावेजों की कमी के लिए लोगों को जागरुक व प्रचार प्रसार कर आम नागरिकों को लाभान्वित करें। साथ ही उन्होंने चिरायु योजना अंतर्गत स्कूली एवं आंगनबाड़ी के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर कोई समस्या होने पर चिरायु योजना से बच्चों को जोड़ कर योजना का लाभ दिलाए। उन्होंने जिले को टीवी मुक्त करने कार्य योजना बनाकर अभियान के रूप में शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निक्षय मित्र पंजीयन कर टीवी मरीजों की सहयोग करे। कलेक्टर ने शासकीय अस्पतालों की जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी और आईपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। हॉस्पिटल में बैठक, पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होना चाहिए।

# राजीव भवन में झीरम के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। झीरम हमले की 11वीं बरसी पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में जीरम के शहीदों के लिये श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां झीरम के शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया। इस अवसर पर झीरम के शहीदों को याद करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस झीरम के शहीदों की ऋणी है।




उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिये अपने प्राणो का बलिदान किया। कांग्रेस शहीदो के परिजनों का भी अभिनंदन करता है। हर कांग्रेसी शहीदों के परिवारो का ऋणी है। जीरम घटना की सच्चाई आज भी सामने नहीं आई है। आज भी छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा को घोर नक्सल इलाके में ही क्यो हटाया गया था झीरम नरसंहार भाजपा के लिए उसकी तत्कालीन सरकार द्वारा की गई चूक मात्र हो सकती है तथा उसकी तत्कालीन सरकार द्वारा किया गया एक षड्यंत्र मात्र हो सकता है। कांग्रेस के लिए झीरम वह घाव है जो कभी नहीं भर सकता। यह घटना देश के लोकतंत्र के माथे पर लगा वह कलंक है जो कभी नही मिट सकता। कांग्रेस ने झीरम में अपने नेताओं की पूरी पीढ़ी को खोया है। कांग्रेस पार्टी झीरम के षड्यंत्र को उजागर होने का पूरा प्रयास करेगी। इस षड्यंत्र को उजागर होने में कितनी भी बाधायें पैदा की जाए कांग्रेस उनका डट कर मुकाबला करेगी।

कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस सरकार ने झीरम हमले की जांच के लिये एसआईटी का गठन किया था लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार एनआईए से झीरम की फाइल एसआईटी को नहीं देने दिया। जैसे ही झीरम घाटी कांड की जांच की बात आती है पता नहीं क्यों भाजपा के बड़े-बड़े नेता घबराने लगते है, किसी न किसी प्रकार से वे इसकी जांच को बाधित करने में जुट जाते हैं, कभी बयानबाजी करते हैं, कभी कोर्ट की शरण में जाते हैं, पीआईएल दायर करते हैं। किसी भी प्रकार से भाजपा झीरम घाटी की जांच को होने ही नहीं देना चाहती है। भाजपा जांच को बाधित करना चाहती है। झीरम न्यायिक आयोग की जांच पर रोक का पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक स्टे लेकर आये थे। भाजपा डरती है झीरम का सच सामने आ जायेगा तो वह बेनकाब हो जायेगी।

भाजपा के नेता इस बात से डरते हैं कि झीरम घाटी कांड की जांच से ऐसा कोई सच निकलकर आ जायेगा जिससे तत्कालीन भाजपा सरकार के किसी कुत्सित चेहरे पर से नकाब उठा जायेगा भाजपाई इस बात से डरते हैं कि उनके आका, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सरकार की नाकामी, उनके द्वारा कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा मुहैया करवाने में बरती गई घोर लापरवाही सामने आ जायेगी भाजपा किस बात से डर रही है क्या श्री धरमलाल कौशिक इस बात से डरते हैं कि इस नक्सली घटना के पीछे की किसी बड़ी साजिश का पर्दाफाश हो जायेगा जिसका प्रभाव इनकी पूरी पार्टी पर पड़ सकता है आखिर किसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं, भाजपा और भाजपा के लोग। श्रद्धांजलि सभा में सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, विधायक इन्द्रसाह मंडावी, विधानसभा पूर्व उपाध्यक्ष संतकुमार नेताम, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष गुरूमुख सिंह होरा, स्वरूपचंद जैन, प्रदेश संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महापौर एजाज ढेबर, वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, सभापति प्रमोद दुबे, महामंत्री सुबोध हरितवाल, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, पंकज शर्मा, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, जिला अध्यक्ष उद्यो वर्मा, शकुन डहरिया, शिव सिंह ठाकुर, अजय साहू, अशोक राज आहूजा, कुमार मेनन,रेहान खान, राहुल इन्दुरिया, वैभव कुमार निषाद, संतराम नारंग, नंदकुमार पटेल, मो. सिदकी, रोशन सिंह उपस्थित थे।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### जाति प्रमाण पत्रों की होगी जांच, विजय शर्मा बोले - 'मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाऊंगा यह विषय'



**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के द्वारा बड़ी संख्या में फर्जी प्रमाणपत्र बनाए गए हैं। जिसको लेकर राज्य सरकार ने जाति प्रमाणपत्रों की जांच करने का आदेश दिया हैं। जानकारी के मुताबिक इस सन्दर्भ में डिप्टी CM विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया हैं।जिसमें उन्होंने कहा हैं कि 5 सालों में प्रदेश के नगरीय निकायों में बड़ी संख्या में इस दौरान फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनाए गए हैं।

जाति प्रमाणपत्रों की जांच मामले में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि वोट बैंक की राजनीति के लिए फर्जी प्रमाणपत्र बनाए गए। यह OBC के लोगों के अधिकारों का हनन है। जिस धर्म में जाति व्यवस्था नहीं है, उस धर्म में ST, SC, OBC बनाए गए। इसके साथ ही आगे कहा कि फर्जी प्रमाणपत्रों की जांच होगी,मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह विषय लाऊंगा, हमारी कोशिश पूरी होगी।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों के संविदा कर्मियों को अब सीधे सरकार से मिलेगा वेतन

**रायपुर ( ए. )।** आत्मानंद स्कूलों के संविदा कर्मियों को अब सीधे सरकार से वेतन




मिलेगा। संविदा कर्मियों को लोक शिक्षण संचालनालय वेतन देगा। लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं सचिव को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

प्रदेश के करीब 403 स्वामी आत्मानंद स्कूलों के लगभग 5000 संविदा कर्मियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। वहीं छत्तीसगढ़ पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष क्रिस्टोफर पॉल ने इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक दिव्या मिश्रा को पत्र लिखा था। पत्र में लिखा था कि पिछले तीन महीने से संविदा कर्मियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। वहीं इन स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पद पर शासकीय कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है। वहीं तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से संविदा कर्मियों की आर्थिक हालत बिगड़ती जा रही है। ऐसे में संविदा कर्मियों के वेतन राशि को शीघ्र जारी करें।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कामकाज की समीक्षा

# 10 हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन की तैयारी करें- दयानंद





**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ पॉवर कपनीज के अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा सचिव पी. दयानंद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कामकाज, प्रचलित और भावी परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने लगभग 10 हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन की संभावनाओं की चर्चा की तथा विभिन्न परियोजनाओं के कार्य आगे बढ़ाने हेतु निर्देश दिये।

श्री दयानंद ने डंगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय में यह बैठक ली जिसमें एम.डी. जनरेशन एसके कटियार द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारियां दी गई। वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों को श्री दयानंद ने सराहनीय बताया तथा इसकी निरंतरता बनाये रखने के लिये समुचित मार्गदर्शन दिया। हमारे ताप बिजली घरों का देश के स्टेट सेक्टर यूटिलिटीज में अव्वल आना गौरव का विषय है। वर्ष 2023-2024 में अनाकेंक्षित आंकड़े के अनुसार 800 करोड़ रुपए से अधिक आय की संभावना पर श्री दयानंद ने प्रसन्नता जताई।

उन्होंने 2×660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत विस्तार परियोजना कोरबा पश्चिम, 1×660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत विस्तार परियोजना मड़वा की प्रगति की समीक्षा की। कोरबा पूर्व में 440 मेगावाट की बंद परियोजनाओं की भूमि पर नये बिजली घर लगाने की संभावनाओं पर विचार विमर्श कर निर्देश दिए।

श्री दयानंद ने पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं से लगभग 6000 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वृद्धि के लिये आवश्यक मार्गदर्शन दिया। सोलर पीबी आधारित लगभग 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन की संभावनाओं पर भी कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश श्री दयानंद ने दिये। ताप बिजली घरों से निकलने वाली राखड़ के शत प्रतिशत निस्तारण की दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश देते हुये श्री दयानंद ने कहा कि पर्यावरण व जनस्वास्थ्य की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दीजाये। उल्लेखनीय है कि विगत वित्तीय वर्ष में कुल उत्पादित राखड़ के 81 प्रतिशत का निस्तारण किया गया था।

श्री दयानंद ने कहा कि रिक्त पदों पर भर्ती पूरी पारदर्शिता के साथ नियमानुसार होनी चाहिए। भर्ती की कार्य भी मिशन मोड पर हो, जिसका लाभ बेहतर कार्य निष्पादन के रूप में मिलेगा। पॉवर कंपनीज की संपत्तियों पर किसी का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, नियमानुसार कार्यवाही कर उन्हें सख्ती से हटाया जायेगा। वहीं रिक्त पड़ी भूमि के सकारात्मक और उत्पादक उपयोग के संबंध में भी योजना बना कर कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कम्पनी के विभिन्न विभागों के कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर, सीएल नेताम, एमआर बागड़े तथा मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया, हेमंत सिंह, गिरीश गुप्ता, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे।

# रायपुर निगम का कड़ा रूख, अब कचरा फैलाने वालों की खैर नहीं

## जनशिकायत मिलने पर मुख्य मार्ग के किनारे दुकानों पर चलाया छापामार अभियान




**रायपुर ( ए. )।** रायपुर नगर पालिक निगम ने राजधानी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई के मामले में कड़ा रुख अपनाना आरंभ कर दिया है। आज नगर निगम जोन क्रमांक 10 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गंदगी फैलाये जाने से सम्बंधित जनशिकायत मिलने पर अमलीडीह मुख्य मार्ग के किनारे की दुकानों पर छापामार अभियान चलाया। इस दौरान कई दुकान के बाहर गंदगी पाई गई। जिस पर दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया।


जोन 10 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के नेतृत्व और जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांड़ी की मौजूदगी में महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं और जोन 10 के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने दुकानों की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान गंदगी फैलाये जाने एवं दुकान में डस्टबिन नहीं रखे जाने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत सही मिली, इस पर जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने दुकान में डस्टबिन नहीं रखने और गंदगी फैलाने वाले 15 दुकानदारों पर कुल 1850 रूपये का जुर्माना कर उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूला।

### जैविक खेती की जागरूकता के लिए शाक वाटिका कार्यशाला आज

**रायपुर ( ए. )।** पंडरी बस स्टैंड स्थित जागृति मंडल में शाक वाटिका कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया है। कार्यशाला का आयोजन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। जिसमें घर की बाड़ी, छत पर विषमुक्त साग-सब्जियों को लगाने व परिवार को सैकड़ों बीमारियों से बचाने के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण नि:शुल्क होगा और पूर्व पंजीयन आवश्यक है।

केंद्रीय प्रशिक्षण प्रमुख के ईएन राघवन के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह आयोजन गौ सेवा गतिविधि के दवारा आयोजित की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए मो. नम्बर 94252-13065 में नाम, पते और मोबाइल नंबर भेजकर पंजीयन करा सकते है।

## जेल रोड में मलमा फेंके जाने पर रायपुर निगम ने वसूला जुर्माना



**रायपुर ( ए. )।** स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान प्रतिदिन निरन्तर जारी है।

नगर निगम स्वास्थ्य विभाग में जेल रोड में बाहर मलमा डाले जाने की जनशिकायत मिलने पर नगर निगम अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही एवं जोन 2 कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे के निर्देश पर नगर निगम जोन 2 जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लवनिया ने जोन 2 के तहत जेल रोड का निरीक्षण किया।

इस दौरान जेल रोड में बाहर मलमा फेंके जाने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत सही पाया गया। इस पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जोन 2 जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने सम्बंधित नागरिक संतोष साहू पर बाहर मलमा फेंके जाने पर भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए 2000 रुपए जुर्माना किया एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

### हजरत सैय्यद चांद शाह वली का उर्स पाक आज से

**रायपुर ( ए. )।** हजरत सैय्यद चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह तीन मजार नाके वाले बाबा का उर्स पाक हर साल की तरह इस साल भी 26 से 28 मई को बड़े ही शानो शौकत से मनाया जाएगा। 26 मई को शाम 4 बजे असर की नमाज के बाद आस्ताने से संदल चादर निकाली जाएगी जो शहर का गश्त करते हुए मजार शरीफ पहुंचेगी। बाद नमाज मगरिब चादर पोशी की रस्म अदा की जाएगी। दुआ खैर के बाद तबरुक तकसीम किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ हाट पंडरी में स्वदेशी खादी महोत्सव का शुभारंभ

### हथकरघा पर 10 प्रतिशत व हस्तशिल्पी वस्तुओं पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट




**रायपुर ( ए. )।** समर कलेक्शन में ढेरों स्वदेशी रेंज लेकर छत्तीसगढ़ हाट पंडरी में शुरू हुआ स्वदेशी खादी महोत्सव जिसका उद्घाटन विधायक पुरंदर मिश्रा ने गुरुवार को किया। उन्होने कहा कि स्वदेशी कलेक्शन की इतनी विस्तृत रेंज निश्चित ही रायपुरियंस के लिए गर्मी की इस सीजन में उपयोगी होगी। 23 मई से 4 जून 2024 तक है यह महोत्सव।

इस प्रदर्शनी में अन्य उपयोगी वस्तुओं के साथ-साथ मेरठ के खादी कुर्ते, सूती साड़ीया, सूती सूट, तोलिया, कुर्ते- पजामे, क्रोकरी, कारपेट, फर्नीचर पीतल की मूर्तियां सहित हजारों वस्तुओं का अपार संग्रह एक ही छत के नीचे छत्तीसगढ़ हाट पंडरी में विशेष आकर्षण का केंद्र है। प्रदर्शनी सीमित दिनों तक के लिए है प्रदर्शनी का समय सुबह 11 से लेकर के रात्रि के 10 बजे तक है। संचालक अनुराग मिश्रा ने कहा आमतौर पर गर्मी में जो जरूरतें होती है वही इस महोत्सव में उपलब्ध कराया गया है। हथकरघा /हस्तशिल्प उत्पादों के साथ-साथ विशेष छूट का लाभ दिया जा रहा है। हथकरघा की वस्तुओं पर 10 प्रतिशत तथा हस्तशिल्पी वस्तुओं पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। साथ ही सभी क्रेडिट कार्ड मान्य हैं। पार्किंग भी उचित व्यवस्था है।

अपनी पसंदीदा करियर के लिए फिर से कोशिश करना बुरी बात नहीं : वर्मा

# करियर काउंसलिंग से 200 छात्र हुए लाभान्वित




**रायपुर ( ए. )।** करियर चुनते समय आपका व्यक्तित्व भी अहम भूमिका निभाता है। ऐसा करियर चुनें जो आपके व्यक्तित्व के साथ-साथ आपकी रुचि के अनुकूल हो और इसके लिए आपको अपने बारे में, अचेतन प्रेरणाओं और अपनी व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के बारे में पता होना चाहिए। करियर काउंसलर विकास वर्मा ने रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के द्वारा आयोजित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी भरत डागा ने किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्लीडीह में विद्यार्थियों से खचा खच भरे सभागार में चल रहे करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में अन्य विद्यालय के छात्र छात्राये भी उपस्थित थे।

हर साल बारहवीं के बाद करियर संवारने के सैकड़ों हजारों मौके हमारे पास आते हैं लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि अक्सर हमारी काबिलियत क्या है। हम क्या और किस क्षेत्र में बेहतर कर सकते हैं। हमारे लिए कौन सा विषय अच्छा रहेगा। हम किस तरह अपनी रूचि के विषय को अपने ड्रीम करियर तक पहुंचने का जरिया बना सकते हैं। दरअसल हमें बारहवीं के बाद तुरंत ही अगर कुछ अच्छा करियर पाना है तो हम करियर ओरिएंटेड स्टडी पर फोकस करें। ध्यान रखें कि हम डॉक्टर बनना चाहते हैं या आर्किटेक्ट, डिफेंस सर्विसेज में जाना चाहते हैं या सिविल सर्विसेज में अपना भविष्य तलाशना चाहते हैं, सभी के लिए हमें एक अच्छे से इंस्टिट्यूट और कोर्स में एडमिशन लेना होगा। यहां ध्यान देने की जरूरत है कि इंजीनियरिंग, लॉ, फैशन डिजाइनिंग, आर्किटेक्चर, मैनेजमेंट, सोशल साइंसेज, मेडिकल और मैथ्स, स्थेटिक्स , एग्रीकल्चर, इकोनॉमिक्स तथा साइंस आदि विषयों में देशभर में अलग-अलग तरह के टेस्ट होते हैं। इनमें अच्छा स्कोर करने से ही हमें अपनी पसंद के किसी अच्छे कॉलेज या यूनिवर्सिटी में एडमिशन मिल सकता है।

एक बात यह भी है कि बारहवीं के बाद एविएशन हास्पिटैलिटी, रिटेल बिजनेस, सेक्रेट्रियल प्रैक्टिस एंड ऑफिस मैनेजमेंट, वोकेशनल एजुकेशन जैसे ऑपशन्स भी करियर के नये और अच्छे विकल्प खोलते हैं। हमारे आस-पास ही कई इंस्टिट्यूट होते हैं जो इस तरह के सब्जेक्ट्स में स्टडीज के ऑपशन्स देते हैं इसलिए यह कतई जरूरी नहीं कि अब आपको कुछ नया कोर्स करने के लिए अपने कस्बे या शहर से बहुत दूर जाकर ही पढ़ाई करने की जरूरत है। आसपास के कॉलेज या यूनिवर्सिटी में जाकर आप पता करेंगे तो वहां पर भी आपकी पसंद का कोई अच्छा कोर्स आपको मिल सकता है। एक बात और ध्यान रखें कि अगर बारहवीं के दौरान कोई अच्छा टेस्ट आप क्वालिफाई नहीं कर पाये तो इसके लिए दुखी होने की जरूरत नहीं।

कई बार ऐसा हो सकता है। हम हर वक्त एक जैसा परफॉर्म तो नहीं कर सकते हां अपनी तैयारी जरूर अच्छी रखें लेकिन अगर फिर भी क्वालिफाई नहीं हुआ तो विकल्प जरूर रखें। बहुत से लोग ड्राप लेकर फिर से तैयारी में जुट जाते हैं अपनी पसंद के लिए फिर से कोशिश करना बुरी बात नहीं लेकिन आप अगर दूसरा अल्टरनेट रखेंगे और उस पर आगे बढ़ेंगे तो हो सकता है कि वह भी आपको अच्छा लगने लगे। यह भी हो सकता है कि कुछ वक्त बाद आप उसमें ही अच्छा कर लें और आपको अपना करियर आगे बढ़ता हुआ दिखे। इसलिए हमेशा पॉजिटिव और कूल हो कर सोचें। करियर के मामले में जल्दबाजी कतई न करें। इस अवसर पर रोटरी क्लब सचिव जयंत कुमार थोरात, सुभाष साहू, स्वरूप चंद जैन, एनसी मोरियानी, प्राचार्य नितिन तलोकर, संजय अवस्थी सहित शाला के शिक्षक भी उपस्थित थे।



## कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने मछली पालन के हितग्राहियों से की मुलाकात

**रायपुर ( ए. )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में मछलीपालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात की। कलेक्टर ने योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी हितग्राहियों से ली। हितग्राहियों से उनके कामकाज के बारे में भी जानकारी ली गई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो। हितग्राहियों को प्रशिक्षण भी दिया जाए। इससे वे दक्ष भी होंगे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप भी उपस्थित थे।





















# सिंघम अगेन से अजय देवगन का शानदार फर्स्ट

## पुलिस वर्दी में टैंकों के साथ खड़े दिखे अभिनेता



**अजय देवगन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म की शूटिंग जारी है और रोहित शेट्टी अपने कॉप यूनिवर्स को लेकर लगातार कोई न कोई अपडेट साझा करते रहते हैं। इसी बीच सिंघम अगेन से अजय देवगन का फर्स्ट लुक सामने आया है। जिसमें वह अपने पुराने बाजीराव सिंघम वाले अवतार में नजर आ रहे हैं।**

रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। अजय देवगन के अलावा इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर और अर्जुन कपूर मुख्य भूमिकाओं में शामिल हैं। अजय देवगन जल्दी-जल्दी इस फिल्म की शूटिंग पूरा करने में जुटे हुए हैं। अजय देवगन के लेटेस्ट पोस्ट की बात करें तो इसमें वह पुलिस की वर्दी में खड़े नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे पर वही सिंघम वाला रुतबा दिख रहा है।

अजय देवगन के आस पास सेना के कुछ और जवान वाहनों पर तैनात हैं और उनके हाथ में बंदूके हैं। चारों ओर बर्फ से ढंके हुए पहाड़ नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए रोहित शेट्टी ने लिखा है, बाजीराव सिंघम एसएसपी एसओजी स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के साथ। जम्मू-कश्मीर पुलिसजसिंघम अगेनज्जल्द आ रहा है। बता दें कि सिंघम अगेन की शूटिंग कई दिनों से जम्मू कश्मीर में चल रही है। पिछले दिनों भी एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें रोहित शेट्टी और अजय देवगन सेना के जवानों के साथ उनके बीच में बैठे नजर आए थे।

बता दें कि सिंघम अगेन सिंघम सीक्वेंस की तीसरी किस्त है। वहीं रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की यह पांचवीं फिल्म है। पहले तो सिंघम अगेन की रिलीज डेज 15 अगस्त तय की गई थी, लेकिन अब इसे पोस्टपोन कर दिया गया है। हालांकि अभी सिंघम अगेन की नई रिलीज डेट को लेकर मेकर्स की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। बता दें कि इस फिल्म में अर्जुन कपूर विलेन की भूमिका में नजर आएंगे और उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी दी थी। बता दें कि इस फिल्म में रोहित शेट्टी अपनी कॉप यूनिवर्स के सभी सितारों को साथ ला रहे हैं।



# गैंग्स ऑफ गोदावरी 31 मई को रिलीज होगी

मास का दास विश्वक सेन ने अपनी बड़ी ब्लॉकबस्टर फलकनुमा दास से नाम कमाया है। अब, वह अपनी आगामी गैंगस्टर फिल्म, गैंग्स ऑफ गोदावरी में एक साहसी गैंगस्टर लंकाला रथना के रूप में आ रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि निर्माताओं ने फिल्म को फलकनुमा दास की ही तारीख 31 मई को रिलीज करने के लिए चुना है। मेकर्स ने पूरे विश्वास के साथ बताया है कि विश्वक सेन की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचेगी और ब्लॉकबस्टर जरूर बनेगी।

विश्वक सेन ने भी फिल्म पर ऐसा ही भरोसा जताया है और उनका मानना है कि गैंग्स ऑफ गोदावरी उनके करियर की एक मील का पत्थर फिल्म होगी। बेहद लोकप्रिय संगीतकार युवान शंकर राजा फिल्म के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं और एल्बम का मधुर एकल सुत्तमला सूसी पहले ही वायरल हो चुका है। 10 मई को टीम ने गैंग्स ऑफ गोदावरी का थीम सॉन्ग बीएडी रिलीज किया। हाल ही में जारी किए गए टीज़र के साथ, निर्माता लंकाला रथना के रवैये और धूसर दुनिया को प्रदर्शित करने में सक्षम हुए हैं, जिसने कई फिल्म-प्रेमियों की कल्पना पर कब्जा कर लिया है। टीजर के बाद फिल्म के प्रति उत्सुकता काफी बढ़ गई है।



फिल्म का लेखन और निर्देशन कृष्णा चैतन्य कर रहे हैं। जबकि सूर्यदेवरा नागा वामसी, सीथारा एंटरटेनमेंट के साई सौजन्या, फॉर्च्यून फोर सिनेमाज क्रमशः इसका निर्माण कर रहे हैं। वेंकट उप्पुतुरी और गोपीचंद इनुमुरी फिल्म का सह-निर्माता हैं और श्रीकारा स्टूडियो इसे प्रस्तुत कर रहा है। खूबसूरत अभिनेत्री नेहा शेट्टी और अंजलि फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। अनिथ मदादी फिल्म की सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं जबकि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संपादक, नवीन नूली इसका संपादन कर रहे हैं।

# रिवीलिंग लहंगा पहने टीवी की नागिन सुरभि ज्योति ने ढाया कहर

## कातिलाना अदाएं देख फैंस रह गए दंग



टीवी की खूबसूरत अभिनेत्री सुरभि ज्योति हमेशा अपने लुक्स के कारण चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना दिया है। इन तस्वीरों में उनकी हुस्न की बेबाक अदाएं देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

एकता कपूर के सीरियल नागिन 3 में बेला का किरदार निभाकर हर दूसरे घर की चहेती एक्ट्रेस बनीं सुरभि ज्योति आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं।

उनकी हर एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगती थी। साथ ही फैंस उनके हर एक लुक पर जमकर प्यार लूटाते थे। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में उनकी हुस्न की बेबाक अदाओं ने फैंस को उनके हुस्न का कायल कर दिया है।

बता दें एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तारीफ करते हुए नहीं थकते हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं सुरभि ज्योति ने पिंक कलर का सिजलिंग लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। ओपन हेयर, कानों में झुमके, स्टाइलिश लुक और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस सुरभि ज्योति ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। सुरभि ज्योति सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

# बॉलीवुड में रहना है तो सुंदर दिखना होगाः जैकलीन

**बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में धूम मचा रही हैं। हर दिन सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं।जैकलीन फिल्मों के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी अक्सर सुर्खियां बटोरती रहती हैं।इस बीच अब हाल ही में एक इंटरव्यू में जैकलीन ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया और कई खुलासे किए।साथ ही साथ जैकलीन ने बॉलीवुड में अभिनेत्रियों के संघर्षों के बारे में भी कई बातें कहीं।**

जब जैकलीन से पूछा गया कि उनके करियर की शुरुआत में उन्हें सबसे बुरी सलाह क्या मिली थी।इसके जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, एक बार मैं जिम में थी और तब मैं बॉलीवुड में नई-नई ही आई थी। वहां एक अभिनेता भी जिम कर रहे थे। मैंने जब उन्हें बताया कि मैं अपने उच्चारण को सुधारने के लिए क्लास ले रही हूं, तब उन्होंने कहा मुझे इसकी जरुरत नहीं है। यहां टिकने के लिए खूबसूरत दिखना जरूरी है।

जैकलीन अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, अगर आप खूबसूरत दिखेंगी तो आपके लिए सब आसान हो जाएगा। मैंने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। कई बार कई लोगों ने मुझे कहा कि मैं अपने नाक की सर्जरी करवाऊं क्योंकि वह मेरे चेहरे पर सही नहीं लगती, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया।हालांकि, जैकलीन मानती हैं कि बॉलीवुड में कई सुंदर बदलाव भी हो रहे हैं।अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी फिल्म फतेह की शूटिंग में व्यस्त हैं।

# अजमोद है एक बेहद स्वास्थ्यवर्धक जड़ी-बूटी, जानिए इसे डाइट में शामिल करने के फायदे

अजमोद कई स्वास्थ्य लाभों से समृद्ध जड़ी-बूटी है, जिसे पार्सले नाम से भी जाना जाता है। इसका उपयोग खान-पान में अधिक स्वाद जोड़ने के लिए किया जाता है।इसके पत्तों के साथ-साथ बीज और तेल भी कई तरह के औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। हड्डियों के स्वास्थ्य को सुधारने, पाचन में मदद करने से लेकर भूख बढ़ाने तक, अजमोद आपके शरीर को कई फायदे पहुंचा सकता है।आइए जानते हैं अजमोद को डाइट में शामिल करने के 5 लाभ।



### कैंसर के इलाज में मददगार

जब विभिन्न प्रकार के कैंसर से लड़ने की बात आती है, तो अजमोद मददगार साबित हो सकता है। सेल एंड बायोसाइंस में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया है कि इसमें एपिजेनिन होता है, जो एक फ्लेवोनोइड है।यह कैंसर से लड़ने में आपकी मदद कर सकता है। यह फ्लेवोनोइड इक्का नामक एंजाइम को भी रोकता है, जिसका उपयोग कैंसर कोशिकाएं खुद को बढ़ाने के लिए करती हैं।अजमोद आपके शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव को भी कम कर सकता है।

एक अध्ययन के मुताबिक, अजमोद में मौजूद कैरोटीनॉयड आखों की रोशनी को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद ल्यूटिन और जेक्सैंथिन मैकुलर अपघटन का इलाज कर सकते हैं, जो अंधेपन का कारण बनने वाली बीमारी है।अजमोद में बीटा कैरोटीन नामक एक अन्य कैरोटीनॉयड भी होता है, जो शरीर में विटामिन ए में बदल जाता है। यह कॉर्निया और कंजंक्टिवा की रक्षा करने में मदद करता है।

रोजाना अजमोद का सेवन करने से आपके दिल का स्वास्थ्य दुरुस्त रहता है। इसमें विटामिन बी फोलेट होता है, जो ह्रदय रोगों को कम करने में सहायता करता है।स्ट्रोक जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में 14 वर्षों तक 23,119 पुरुषों और 35,611 महिलाओं पर विटामिन बी फोलेट के प्रभाव का अध्ययन किया गया।इसमें मालूम हुआ कि जिन लोगों ने विटामिन बी फोलेट युक्त भोजन किया उनमें ह्रदय रोग की संभावना 38 प्रतिशत कम हो गई।

### अजमोद में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो हमारे शरीर को कई तरह से मदद कर सकते हैं।

एक अध्ययन में पाया गया है कि यह जड़ी-बूटी ऑरियस बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करती है, जो यीस्ट और मोल्ड जैसे संक्रमण का कारण बनता है।अजमोद भोजन में लिस्टेरिया और साल्मोनेला जैसे बैक्टीरिया को बढ़ने से भी रोकता है। अजमोद के साथ-साथ आपको धनिया के सेवन से भी कई लाभ मिल सकते हैं।

अजमोद हड्डियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायता करता है। एक अध्ययन में पाया गया है कि यह जड़ी-बूटी कैल्शियम संतुलन को प्रभावित करती है, जो हड्डियों की मजबूती का समर्थन करने में एक जरूरी तत्व है।अजमोद ऑस्टियोपोरोसिस की संभावना को कम करने में मदद कर सकता है। यह विटामिन के से भरपूर होने के कारण फ्रैक्चर के खतरे को कम कर सकता है और हड्डियों को मजबूत बना सकता है।

# दौड़ने के बाद जोड़ो में होता है दर्द ? हो सकती हैं ये 5 गलतियां

**अगर आप रोजाना 10 से 15 मिनट के लिए दौड़ते हैं तो इस एक्सरसाइज से शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम करने, मांसपेशियों का निर्माण करने और ह्रदय को स्वस्थ रखने जैसे कई लाभ मिल सकते हैं। हालांकि, अक्सर आपको दौड़ के बाद अपने जोड़ों में दर्द होता है तो हो सकता है कि आप अनजाने में कुछ गलतियां कर रहे हैं। आइए आज हम आपको दौड़ से जुड़ी कुछ सामान्य गलतियों और उनसे बचने के तरीके बताते हैं।**

सही रनिंग शूज न पहनना

अगर रनिंग शूज ठीक नहीं होगें तो आपके जोड़ों में दर्द होना स्वाभाविक है।हमेशा पैर की सबसे बड़ी उंगली और चुने गए जूते में आधे से एक इंच का अंतर होना चाहिए ताकि उन्हें पहनने पर पैरों में लड़खड़ाहट न हो।दरअसल, दौड़ते समय पैर का पंजा आगे की ओर मुड़ता है और तभी हमें जूते के भीतर कुछ अतिरिक्त स्थान की आवश्यकता होती है।इसके अलावा जूतों का वजन हल्का होना चाहिए और उसकी सोल मुलायम।



### वार्मअप और कूल डाउन एक्सरसाइज न करना

दौड़ लगाने वालों के लिए यह सबसे बड़ी गलतियों में से एक है। दौड़ने से पहले वार्मअप करने से मांसपेशियों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने में मदद मिलती है और शरीर में लचीलापन भी आता है, जिससे किसी भी एक्सरसाइज का जोड़ों पर दबाव नहीं पड़ता।इसी तरह दौड़ने के बाद कूल डाउन एक्सरसाइज करना जरूरी है। यह शरीर के तापमान को सामान्य करने, ह्रदय गति में सुधार करने जैसे लाभ दे सकती हैं।

### दौड़ते समय एकदम से गति बढ़ाना

भी एक्सरसाइज और उसकी गति के अनुकूल होने में समय लगता है और अगर आप अचानक से अपने भागने की गति बढ़ा देते हैं तो यह आपके जोड़ों पर अत्यधिक दबाव डाल सकता है। हमेशा दौड़ते समय धीर-धीरे गति बढ़ाना ही शरीर के लिए फायदेमंद होता है।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग न करना

कई धावक केवल अपने दौड़ने पर ध्यान देते हैं, लेकिन जब जोड़ों के दर्द को रोकने की बात आती है तो यह भी एक बड़ी गलती हो सकती है। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग मजबूत मांसपेशियों के निर्माण में मदद करती है, जो जोड़ों को सहारा देकर स्थिर रख सकती है। अगर आप स्ट्रेंथ ट्रेनिंग को नजरअंदाज करते हैं तो इससे मांसपेशियों में असंतुलन और कमजोरी हो सकती है, जो जोड़ों में दर्द का कारण बन सकती है।

### ऊबड़-खाबड़ और कठोर सतहों पर दौड़ना

ऊबड़-खाबड़ और कठोर सतहों पर दौड़ने से भी जोड़ों में दर्द हो सकता है क्योंकि इससे पैरों का संतुलन बिगड़ता है, जिससे जोड़ों पर दबाव पड़ता है।इसलिए दौड़ने के लिए हमेशा ऐसी जगह का चयन करें, जो खुली होने के साथ-साथ घास या रेतीली हो। इसके लिए मैदान या पार्क जैसी जगहें बेहतरीन हैं, जहां के आसपास की हरियाली आपकी आंखों को भी आराम पहुंचा सकती है।

## खास खबर

### चारधाम यात्रा : 14 दिनों में बना नया रिकॉर्ड, 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**देहरादून ( एजेंसी )।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा की शुरुआत 10 मई से हुई और हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि यात्रा शुरू होने के 14 दिनों के भीतर ही 24 मई तक 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। अभी तक चारधाम यात्रा के लिए 31 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। साथ ही 24 मई तक 10 लाख श्रद्धालु धाम में दर्शन कर चुके हैं। 24 मई तक रिकॉर्ड 10 लाख 30 हजार 621 श्रद्धालु चारों धामों में दर्शन कर चुके हैं। धामों में दर्शनों के लिए लगातार आती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर 31 मई तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन को बंद कर दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 31 मई के बाद चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो सकता है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी श्रद्धालु पिछले 7-8 दिनों से हरिद्वार या ऋषिकेश में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के काउंटर के खुलने का इंतजार कर रहे हैं, लगभग 1,000 श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए रवाना किया जाए। उनके आदेश के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए रवाना भी किया जा रहा है। इसके साथ ही व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। अगर चारधाम यात्रा की बात करें तो यमुनोत्री धाम में 1,86,744, गंगोत्री धाम में 1,76,793, केदारनाथ धाम में 4,47,056 और बद्रीनाथ धाम में 2,20,028 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। सबसे ज्यादा केदारनाथ में 4 लाख 47 हजार 56 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए हैं। इन 14 दिनों में श्रद्धालुओं की मौत के आंकड़ों में भी वृद्धि हुई है। बताया गया है कि 14 दिनों में 52 श्रद्धालुओं की हार्टअटैक से मौत हुई है।

### सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने डाला वोट, कहा- तीसरी बार पीएम बनेंगे मोदी

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** भाजपा नेता और 33 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय महिला सावित्री जिंदल (74) ने शनिवार को हरियाणा में अपने गृहनगर हिसार में वोट डाला। सावित्री जिंदल के सबसे छोटे बेटे नवीन जिंदल चुनावी मैदान में हैं।सावित्री जिंदल ने वोट डालने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार में देश ने तेज गति से विकास किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाएंगे। सावित्री के सबसे छोटे बेटे नवीन जिंदल (54) कुरुक्षेत्र सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। सावित्री और उनके बेटे मार्च में कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इसी के साथ उनका कांग्रेस के साथ लगभग दो दशक का रिश्ता खत्म हो गया। नवीन जिंदल का मुकाबला आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार और पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता से है। आप हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ रही है और उसे कुरुक्षेत्र सीट दी गई है। कांग्रेस आप के साथ गठबंधन में शेष नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सावित्री जिंदल अपने पति के निधन के बाद राजनीति में आईं। वह 2005 में हिसार विधानसभा उपचुनाव जीतकर हरियाणा सरकार में शामिल हुईं। इसके बाद, उन्होंने 2009 में हिसार से विधानसभा चुनाव जीता और 2013 में मंत्री बनीं।

### बंगाल में भीषण चक्रवात को लेकर एनडीआरएफ की टीमें तैनात, सेना और नौसेना अलर्ट पर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को अलर्ट जारी करते हुए कहा कि बंगाल में भीषण चक्रवात तूफान आने की आशंका है। इस तूफान के कारण 110-120 किमी प्रति घंटे से लेकर 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके रविवार आधी रात (26 मई) को पश्चिम बंगाल तट से टकराने की 'बहुत संभावना' है। आईएमडी ने चक्रवात के मद्देनजर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए बहुत भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा, पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले 6 घंटों के दौरान 15 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है। यह एक गहरे दबाव में बदल गया है। यह सुबह 5:30 बजे सागर द्वीप समूह (पश्चिम बंगाल) से लगभग 380 किमी दक्षिण-पूर्व में और कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से 530 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व में केंद्रित हो गया। आईएमडी की रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल के उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में फूस के घरों, फसलों, पेड़ों के उखड़ने और निचले इलाकों में बाढ़ से बड़े नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस गंभीर चक्रवात के खतरे से बिजली और संचार लाइनों को भारी नुकसान हो सकता है। इस बीच चक्रवात की तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की शुक्रवार को कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

# पहले लाल बत्ती में घूमते थे माफिया, दंगों को बना दिया था यूपी की पहचान : पीएम मोदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गाजीपुर । उत्तर प्रदेश के गाजीपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पहले माफिया लाल बत्ती में घूमते थे। दंगों को यूपी की पहचान बना दिया गया था। इसका नुकसान व्यापारियों- कारोबारियों को होता था। सपा ने माफियाओं को पाला-पोसा, टिकट दिया। पहले यहां विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। सपा की सरकार में हर महीने 2-3 दंगे होते थे। इसका नुकसान गरीबों को होता था।**



इंडी गठबंधन वालों ने गाजीपुर के साथ विश्वासघात किया है। आजादी के बाद कांग्रेस ने कसम खा ली थी कि इस क्षेत्र का विकास नहीं करेगी। यहां के लोग गरीबी में घुट-घुट कर जीने को मजबूर रहे। सपा और कांग्रेस में कुछ आदतें मिलती हैं। पहला परिवारवादी, दूसरा जातिवादी और तीसरा भ्रष्टाचार। कांग्रेस ने हमारी सेना के जवानों का मखौल उड़ाया था। उन्हें मूर्ख बनाने का भरसक प्रयास किया था। 2013 में भाजपा ने मुझे पीएम पद का प्रत्याशी बनाया तो मैंने वन रैंक वन पेंशन लागू करने का ऐलान किया। इससे कांग्रेस घबरा गई। कांग्रेस ने पूर्व सैनिकों का अपमान किया। गाजीपुर, यूपी या पूरा देश हो, परिवारवादी नेता अपने परिवार के लिए महल पर महल बनाते गए लेकिन, गांव गरीब, किसान वंचित लोग जीवन की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए परेशान रहे।

पीएम मोदी ने कहा कि दस साल में हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। यहां की तकलीफ को सबसे पहले हमारे गहमरी बाबू ने उठाया था। उन्होंने संसद में नेहरू जी को यहां की स्थिति बताई थी। आंख में आंसू के साथ बाबूजी ने कहा कि कैसे यहां के लोग जानवरों के गोबर से गेहूं चुनकर खाते थे। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उसमें भी राजनीतिक मौके तलाश लिए। आज मुझे संतोष है कि हमारी सरकार हर गरीब को मुफ्त राशन दे रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि काम लटकाने और हक मारने में तो कांग्रेस को महारत हासिल है। इन्होंने हमारे सेना के वीर जवानों को वन रैंक, वन पेंशन तक नहीं मिलने दिया। वन रैंक, वन पेंशन तब लागू हुई, जब मोदी आया। गाजीपुर की धरती पराक्रम और शौर्य की गाथाएं बताती है। गाजीपुर की परंपरा और यहां का गमहर गांव का नाम ही काफी है। जहां हर घर से जांबाज निकलते हों, यह गौरव गाजीपुर के अलावा किसी को मिला है क्या? पूरा देश इस मिट्टी का ऋणी है। उन्होंने कहा कि अगर मेरी माताओं को बीमारी में रहना है तो इस बेटे का दिल्ली में बैठने का क्या मतलब। इसलिए आपके इस बेटे ने तय किया कि अब गरीब को बीमारी में इलाज की जिम्मेदारी मोदी उठाएगा। आज आयुष्मान योजना करोड़ों परिवारों को मुसीबत में सहायता देता है। मोदी ने जो काम किए, उससे गरीब का जीवन बदला। सिर्फ 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये इसलिए हुआ कि आपके वोट ने मोदी को मजबूत किया।

हमने 4 करोड़ परिवारों को पीएम आवास दिए। हमने 50 करोड़ गरीबों के बैंक में खाते खुलवाए। हमने हर गांव तक बिजली पहुंचाई, हम हर घर जल पहुंचा रहे हैं। आज किसी गरीब को इलाज के लिए अपनी जमीन नहीं बेचनी पड़ती है, क्योंकि आज उसके पास आयुष्मान कार्ड है। मोदी जब तक जिंदा है, तब तक एससी-एसटी का आरक्षण नहीं छीनने दूंगा। वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है।

## चुनाव 2024 : दिल्ली के वोटर बोले- जो भी सरकार आए, दे बेरोजगारी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान

**नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण की वोटिंग शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ । दिल्ली में 2,627 जगहों पर 13,641 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे समाप्त हो गया। इस दौरान दिल्ली के वोटरों से हुई बातचीत में वोटरों ने कहा जो भी सरकार आए , वह बेरोजगारी, इंफ्रास्ट्रक्चर और महंगाई को कम करने पर ध्यान दे। ताकि आम लोग अपना जीवन खुशहाली में जी सकें। इसके चलते ही कुछ मतदाताओं ने देश में बदलाव की भी मांग की।**



एक मेजर ऑपरेशन के बाद अस्पताल से स्वास्थ्य लाभ लेकर लौटे एक वोटर मनोज शर्मा ने बताया कि वोट डालना हर भारतीय नागरिक का अधिकार है। और पढ़े-लिखे नौजवानों और लोगों से उनकी यह गुजारिश है कि वह अपने मत का प्रयोग हर हाल में जरूर करें। देश में बदलाव के लिए यह सबसे जरूरी है। और देश के विकास के लिए अपना योगदान देकर उन्हें अच्छा लगा। जो भी सरकार आए बस वह हर वर्ग के लोगों से जुड़े मुद्दों के हिसाब से ही देश के विकास को आगे बढ़ाए। वर्तमान में महंगाई, बेरोजगारी, कई जरूरी चीजों पर भारी जीएसटी लगाना ऐसे कुछ सबसे बड़े मुद्दे हैं। वहीं एक वोटर हैदर अली अशरफी ने बताया कि पोलिंग बूथ को कूल रखने के निर्वाचन आयोग के सभी वादे झूठे साबित हुए हैं। अंदर कूलर की कोई व्यवस्था नहीं है। गर्मी की वजह से यहां रखा पीने का पानी गर्म हो गया है। उसको पीना नामुमकिन है। मतदाता परेशान हो रहे हैं। एक अन्य वोटर अंकित पाल ने बताया कि उनको आज वोट डालकर काफी अच्छा लगा। बीते एक महीने से वे इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उत्सुकता तब और बढ़ गई जब उनके हाथ में वोटिंग स्लिप आई। बहुत दिनों के इंतजार के बाद यह दिन आया है। सत्ता में जो भी सरकार आए, वो बेरोजगारी, जीडीपी और इंफ्रास्ट्रचर पर ध्यान दे।उनके अलावा अपनी मां के साथ पहली बार वोट डालने पहुंची वंशिका महाजन ने बताया कि एक लड़की होने के नाते मैं चाहती हूं कि आने वाली सरकार महिलाओं और बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे। वहीं एक अन्य वोटर सोहेल ने कहा कि पहली बार वोट करने की तस्वीर को लेकर वह श्योर नहीं कि वह इसे पोस्ट करेंगे या नहीं। उन्होंने अपना बहुमूल्य वोट अपने चहेते प्रतिनिधि को दिया है। अब वे 4 जून को आने वाले परिणाम के लिए उत्साहित हैं।

## दूरस्थ क्षेत्र देवभोग के गांव भी होने लगे स्वच्छ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिले के दूरस्थ ब्लाक देवभोग के गांव भी स्वच्छ होने लगे है।देवभोग ब्लाक के विभिन्न गांव में शहरों की तरह ही गांव को स्वच्छ रखने का इरादा कर स्वच्छाग्रही दीदीयों ने स्वच्छता की कमान संभाल ली है। स्वच्छाग्रही महिलाएं अपने गांव में गांव की आबादी के अनुसार पंचायत द्वारा निर्धारित सप्ताह में दो दिन अथवा तीन दिन घर-घर से कचरा कलेक्शन करने निकल रही है।

कचरा कलेक्शन के साथ-साथ ये समूह की महिलाएं ग्रामवासियों को गीला कचरा / किचन वेस्ट या खाद बनाने योग्य कचरे को घर स्तर पर निपटान करने हेतु गांव वालों को प्रेरित कर रही है।गांव के घरों से केवल सूखा कचरा कलेक्ट किया जायेगा,जिसे पृथक्करण शेड में ले जाकर डंप करेंगे फिर सप्ताह में एक दिन समूह की महिलाएं बैठकर उन सूखे कचरे को अलग-अलग वर्गीकृत करेगीं।पर्याप्त मात्रा में कचरा संग्रहण होने पर उसे बेचकर आय अर्जित करेगीं।देवभोग के ग्राम पंचायत डोहेल में मां अम्बे समूह,धौराकोट में जय मां काली समूह,डुमरबहाल में ममता माई समूह,मुडागांव में मां तारिणी समूह,सितलीजोर में जय मां संतोषी समूह, रोहनागुड़ा में आदि शक्ति समूह व विभिन्न पंचायतों में समूह की महिलाओं द्वारा घर-घर कचरा कलेक्शन कर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के उददेश्यों को चरितार्थ किया जाने लगा है।

जिला समन्वयक परवेज हनफी ने बताया कि इन समूहों को मानदेय के लिए 15वें वित्त के टाइड फंड से प्रतिमाह 6000 रू. का प्रावधान किया गया है, इसके अलावा गांव स्तर पर प्रति घर से 10 रू. तथा गांव के दुकानों से 50 रू.प्रतिमाह स्वच्छता शुल्क लेकर समूह को दिया जायेगा तथा माह में एक बार पर्याप्त सूखा कचरा इकट्ठा होने पर उसको कबाडी वाले को बेचकर जो भी आमदनी होगी वो सीधे समूह की महिलाओं को प्राप्त होगी।

## मतगणना में लगे कर्मचारी निष्पक्ष होकर सावधानीपूर्वक करें दायित्वों का निर्वहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 04 जून को होने वाली मतगणना के लिए कांकेर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत ई.व्ही.एम. तथा पोस्टल बैलेट के माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षकों एवं गणना सहायकों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में दो पालियों में संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना कार्य में लगे सभी कर्मचारी मतगणना स्थल पर निष्पक्ष रहें और अपने कार्य को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ सावधानीपूर्वक करें।**

सुबह 11 बजे से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में गणना पर्यवेक्षकों व सहायकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ईव्हीएम मशीन के निर्धारित टेबल में पहुंचने पर सीरियल नंबरों का अच्छी तरह से मिलान करने के बाद मतगणना शुरू करें। ईव्हीएम से परिणाम प्राप्त करने के बाद निर्धारित फॉर्म में प्रविष्टि करते समय काफी सतर्कता बरतें। प्रशिक्षण में बताए गए बिन्दुओं एवं निर्देशों पर विशेष ध्यान दें और गणना कार्य को गंभीरता से लें।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा ईव्हीएम में डाले गए मतों की गणना एवं व्हीव्हीपैट से मतों की गणना, ईव्हीएम से मतों की गणना से पहले ईव्हीएम सीरियल नंबर का मिलान करने, कंट्रोल यूनिट से परिणाम प्राप्त करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही गणना के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया। साथ ही व्हीव्हीपैट के मत पत्रों की गणना के बारे में उदाहरण सहित विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण सत्र की द्वितीय पाली में आज दोपहर तीन बजे से डाक मतपत्र और ईटीपीबी के गणना पर्यवेक्षकों, गणना सहायकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें गणना की प्रक्रिया और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व आवश्यक निर्देशों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि पोस्टल बैलट और ईटीपीबी की गणना अधिक महत्वपूर्ण होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसकी पूरी प्रक्रिया की मॉनीटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 16 टेबल निर्धारित होंगे, जहां पर एआरओ, माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक तथा गणन अभिकर्ता की उपस्थिति में मतों की गणना की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वे सिर्फ वैध एवं अवैध मतों की पहचान आयोग से जारी निर्देशानुसार ही करें तथा किसी प्रकार का व्यक्तिगत अभिमत या मूल्यांकन इस दौरान न करें, क्योंकि एक छोटी सी चूक का बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। साथ ही किसी प्रकार का संदेह होने पर वहां मौजूद सहायक रिटर्निंग अधिकारी को तत्काल अवगत कराने या शंका का समाधान करने की बात उन्होंने कही।

## आम नागरिकों के साथ सरलता से व्यवहार कर करें उपचार : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**मोहला।** कलेक्टर जयवर्धन ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के कामकाज और जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने के संबंध में गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करते जन सामान्य को स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ कर्मचारी मैदानी स्तर के अम्लों के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधा सुलभ होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने एवं अन्य योजनाओं में लक्ष्य निर्धारित कर प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर जयवर्धन ने कहा कि चिकित्सा केंद्र में आने वाले आम नागरिकों के साथ आप सरलता से व्यवहार कर उनकी परेशानियों को सुने और उपचार करें। उन्होंने हाट बाजार क्लीनिक की समीक्षा कर जिले में हॉट बाजार क्लिनिक की सेवा संचालन बेहतर ढंग से करने कहा एवं सुदूरवनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का उपचार करने कहा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि, आयुष्मान कार्ड केवाईसी रिपोर्ट की जानकारी की विस्तृत समीक्षा कर स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड शासन की महत्वपूर्ण योजना एवं मरीजो के इलाज के लिए जरूरी दस्तावेजों की कमी के लिए लोगों को जागरुक व प्रचार प्रसार कर आम नागरिकों को लाभान्वित करें। साथ ही उन्होंने चिरायु योजना अंतर्गत स्कूली एवं आंगनबाड़ी के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर कोई समस्या होने पर चिरायु योजना से बच्चों को जोड़ कर योजना का लाभ दिलाए। उन्होंने जिले को टीवी मुक्त करने कार्य योजना बनाकर अभियान के रूप में शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निक्षय मित्र पंजीयन कर टीवी मरीजों की सहयोग करे।

कलेक्टर ने शासकीय अस्पतालों की जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी और आईपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। हॉस्पिटल में बैठक, पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होना चाहिए।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### जंगल से भटककर गांव पहुंचा सूअर ने ग्रामीण को किया घायल

**कोरबा (ए.)।** जंगल से भटककर हरदीबाजार कालेज के पीछे नर्सरी पहुंचे जंगली सूअर ने शनिवार को मलगांव नवासी एक गामीण को घायल कर दिया। गांव में सूअर के आने से ग्रामीणों में भय का माहौल देखा जा रहा है।

हरदीबाजार से लगे ग्राम अमगांव निवासी दिलराज सिंह तंवर 58 वर्ष हरदीबाजार शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में कार्यरत है। प्रतिदिन की तरह वे सुबह लगभग 6.30 बजे गाय के लिए बाड़ी में पैरा निकाल रहे थे। इसी दौरान एक जंगली सुअर कालेज के पीछे लगे नर्सरी की तरफ से तेज गति से दौड़ते हुए आयाए दिलराज सिंह कुछ कर पाता सुअर ने उसपर जानलेवा हमला कर दिया। दिलराज सिंह अपनी जान बचाने के लिए उस जंगली सुअर से भिड़ गयाए जंगली सुअर ने अपने मुंह से दिलराज सिंह के दोनो हाथों की उंगलियों को बुरी तरह काट लिया, इस दौरान अन्य लोग भी आ गए। इस दौरान सुअर हमला कर कालेज पीछे नर्सरी की ओर भाग गया। घायल ग्रामीण को हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती किया जहां उपचार जारी है। बताना होगा कि रेकीए अंडीकछार, नेवसा जंगल जो हरदीबाजार से लगे हुऐ हैं इनका क्षेत्र कटरा, अद्राली, चोढ़ा, खोंदरा जंगल से जुड़ा हुआ है। वहीं जंगली सुअर, बंदर, हिरन बीच-बीच में आबादी क्षेत्र में भोजन पानी की तलाश में भटकते हुए पहुंच जाते हैं। संतोष रात्रे डिप्टी रेंजर वन परिक्षेत्र दीपका ने बताया कि जंगली सूअर से हमले से घायल ग्रामीण के उपचार के लिए तत्काल शासन की ओर से 500 रुपये दिया गया है।

### शराब के नशे में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कोरबा (ए.)।** पति के शराब पीने से त्रस्त पत्नी दो वर्ष से अपने मायके में रह रही थी। मासूम बच्चों के साथ रहे शराबी पति ने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। घटना मानिकपुर पुलिस चैकी अंतर्गत दादरबस्ती के प्रेमनगर की है। यहां निवासरत कृष्ण कुमार यादव 36 वर्ष गत रात शराब के नशे में घर पहुंचा थाए इसके बाद बिना खाना खाए वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब काफी समय बीतने के बाद भी घर से बाहर नहीं निकलाए तो घर वालों को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे स्वजनों ने कृष्ण कुमार को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। सूचना मिलने पर मानिकपुर चैकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जांच अधिकारी अखिलेश यादव ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए मृतक के स्वजनों का बयान दर्ज किया। इसके साथ ही शव को पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। चौकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ ही बयान लेने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बताया जा रहा है कि कृष्ण कुमार शराब का आदी था और अक्सर नशे में धुत रहता था। इसके परेशान होकर पत्नी मायके में जाकर रहने लगी थी। पांच साल पहले शादी हुई थी और उनके दो बच्चे भी थेए जो अपने पिता कृष्ण कुमार के साथ रहते थे।

# मालवाहक में सवारी न करने दुर्ग पुलिस ने किया जागरूक

## लिटिया गांव पहुंची ट्रैफिक की टीम, ग्रामीणों को बांटे हेलमेट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मालवाहक में सवारी न करने दुर्ग पुलिस द्वारा जागरुकता अभियन चलाया गया। पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला द्वारा ग्रामीण छेत्र मे माल वाहक वाहन मे हो रहे परिवहन को रोकने के दिये गये निर्देश के परिपालन मे शनिवार को को ग्राम लिटिया के ग्रामीण को माल वाहक वाहन से होने वाली सड़क दुर्घटना से अवगत कराने यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दुर्ग पुलिस द्वारा ग्राम लिटिया में ग्रामीणों को माल वाहक वाहन में यात्रा ना करने यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) द्वारा माल वाहक वाहन में यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटना से अवगत कराते हुए समझाईस दी गई। इस दौरान बीएसपी के अधिकारियों



द्वारा सडक दुर्घटना से संबंधित नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर यातायात नियम का पालन न करने से होने वाली दुर्घटना से अवगत कराया गया। ग्राम लिटिया के सरपंच द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को यातायात नियमो का पालन करने कहा गया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा 06 ग्राम के ग्रामवासियों को हेलमेट प्रदान कर हेलमेट लगाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम मे उपस्थित उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीष ठाकुर द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित ग्रामीणों को अन्य जिलों मे हुये माल वाहक वाहन मे यात्रा करने के दौरान हुए सड़क दुर्घटना से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि माल वाहक वाहन मे यात्रा करना खतरनाक है। देखा गया की ग्रामीण क्षे9 मे शादी, छट्टी, कोई अन्य कार्यक्रम मे माल वाहक वाहन मे यात्रा करते हैं। इससे हमें बचना चाहिए ओर सवारी वाहन का उपयोग करना चाहिये, यदि कोई वाहन चालक शराब का सेवन कर गाड़ी चलाता है तो उसका विरोध करना चाहिये ओर ऐसे वाहन मे यात्रा नहीं करना चाहिए। शराब के नशे मे वाहन चलाना सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों मे से एक है।

बीएसपी इस्पात सयंत्र के हेमन्त जंगम, राजेश कुमार वर्मा प्रवीण कालमेघ, प्रमोद खरालकर और इन्द्र जीत ने अपने जीवंत अभिनय के माध्यम से यातायात सुरक्षा संबंधी नुककड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया ओर सड़क दुर्घटना के कारणों को उजागर किया। आज के इस कार्यक्रम मे थाना बोरी प्रभारी उप निरीक्षक दीपक चौहान, सहायक उप निरीक्षक बोधन साहू, चौकी लिटिया यातायात पुलिस स्टाफ एवं सरपंच जोगी गुफा सतीश बंजारे, सरपंच खरा नरेश वैष्णव, सरपंच अर्शी जलेश्वर वर्मा, सरपंच चीचा कमला डोडे, सरपंच सेमरिया प्रकाश मानिकपुरी, सरपंच लिटिया रेवा बंजारे, सरपंच टेमरी विजय टांडेकर एवं 500 ग्रामीण जन उपस्थित रहे



# शेयर बाजार में पैसा लगाने के नाम पर युवक करता था ठगी

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**सक्ती (ए.)।** सक्ती जिले में शेयर बाजार में पैसा लगाकर रकम कई गुना करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी ठग को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले भी आरोपी कई लोगों के साथ ठगी कर चुका है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में अपराध भी दर्ज है, जिसकी जांच की जा रही है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ग्राम पासिद निवासी नेहरू लाल राठौर सीएससी सेंटर संचालक है। उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि खरसिया निवासी शिवनंदन महंत ने उसे फोन कर बताया कि वह शेयर बाजार के खेल में पैसा लगाकर रकम कई गुना कर देता है। ठग के झांसे में आकर नेहरू ने अपने अकाउंट से खरसिया के ठाकुर्दिया निवासी शिवनंदन महंत और उसके साथी अजय सिंधी के बैंक अकाउंट में पांच लाख रुपए डाल दिए। जिसे शिवनंदन ने अपने पास रख लिया। काफी दिन बीत जाने के बाद भी जब युवक ने पैसे वापस नहीं किए तो नेहरू को ठगी होने का एहसास हुआ। जिसकी शिकायत उसने थाने मे दर्ज कराई।

एसडीओपी मनीष कुंवर ने बताया कि प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। साइबर टीम की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की गई। इस बीच पुलिस ने आरोपी ठग को घेराबंदी कर धर दबोचा। आरोपी से पूछताछ करने उसने बताया कि इससे पहले वह घरघोड़ा, सारंगढ़, सरसिवा सहित अन्य जगहों पर भी ठगी कर चुका है।

# मुखबिरी के नाम पर युवक का अपहरण कर पिटाई, निगरानी बदमाश पकड़ाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेवई पुलिस ने क्षेत्र में दबंगई दिखाने वाले दो निगरानी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पिंकी राय उर्फविजेन्द्र राय एवं शैलेष निर्मलकर गिरफ्तार क्षेत्र में दहशत कायम रखने के लिए युवक का अपहरण कर उससे मारपीट की। यहां तक की युवक को अपने ऑफिस में बंद कर पीटा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त XUV-700 कार व अन्य सामान जब्त किया गया। इस मामले में नेवई पुलिस द्वारा धारा 294, 323, 506, 365, 342, 34 के तहत कार्रवाई की गई।



बता दें गणेश नगर रिसाली निवासी पिंकी राय उर्फ विजेन्द्र राय और शैलेष निर्मलकर क्षेत्र का निगरानी बदमाश है। इनके खिलाफ थाना नेवई एवं जिला दुर्ग के विभिन्न थानों में कई अपराध दर्ज है, उक्त आरोपियों पर सतत निगाह रखकर शिकायत मिलने पर समय समय पर पुलिस द्वारा प्रतिबंधित कार्रवाई भी की जाती है। इस बीच 23 मई 2024 को विपिन सिरसाम का नगर निगम रिसाली के तामेश दुकान के पास रात 10 बजे अपहरण किया। पहले उससे मारपीट की और उसके बाद पिंकी राय, शैलेष निर्मलकर एवं ओम चौधरी ने अपनी नीले रंग की एक्सयुवी 700 कार में बैठाकर अपनी दुकान राय ट्रेडर्स आफिस में ले गए। दुकान का शटर बंदकर तीनों ने विपिन के साथ मारपीट की। इस मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर उपरोक्त धारा 294, 323, 506, 365, 342, 34 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

घटना के बाद से आरोपी फरार हो गए थे। इसके एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीमें तीनों की गिरफ्तारी में लगी हुई थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पिंकी राय उर्फ विजेन्द्र राय और शैलेष निर्मलकर घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपियों की निशानदेही पर पर घटना में प्रयुक्त XUV-700 कार सीजी 07 सी-9592 एवं आलजरब लोहे का राड जब्त किया। दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है वहीं प्रकरण के तीसरे आरोपी ओम चौधरी की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद शुक्ला, एएसआई रानचंद कंवर, प्रधान आरक्षक सूरज पाण्डेय, आरक्षक रवि बिसाई, चंदन भास्कर, अजित यादव, लक्ष्मीनारायण, हेमशंकर, सुमित पाल, अनुराग सिंह का विशेष योगदान रहा है।

# बेटे को बचाने मां का लीवर ट्रांसप्लांट होने से पहले मासूम ने तोड़ा दम

**कोरबा मई (ए.)।** लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे बेटे को बचाने में एक मां ने कोई कसर नहीं छोड़ी। बेटे को बचाने एक मां ने अपनी लीवर देने को तैयार हो गईए पर लीवर ट्रांसप्लांट के पहले ही बेटे ने दम तोड़ दिया। मां का धर्म निभाते हुए बेटे के प्रति एक मां की यह समर्पण समाज के लिए आदर्श है। बेबसए लाचार और दुखी मां ने अपने लीवर फेल्योर मासूम बच्चे की जिंदगी बचाने अपना लीवर डोनेट करने का फैसला लिया और आपरेशन की तैयारी भी हो चुकी थीए लेकिन नियति को शायद कुछ और मंजूर था। मासूम प्रियांशु ने जिदगी और मौत से संघर्ष करते हुए अंतत: इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पाली में कक्षा पांचवी के छात्र प्रियाशु 10 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12, नगर पंचायत पाली, लीवर में



गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। उसे एम्स रायपुर में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा था, जहां से गहन चिकित्सा के लिए एम्स दिल्ली रेफर कियाए लेकिन स्थिति नाजुक होने के कारण एम्स दिल्ली के स्पेशलिस्ट डाक्टर एम्स रायपुर आकर बालक की मां गायत्री द्वारा डोनेट होने वाले लीवर का ट्रांसप्लांट करने वाले थे। बालक के इलाज के लिए शासन स्तर पर और अन्य माध्यम से आर्थिक मदद मिल रहा था।

इंटरनेट मीडिया में मदद की अपील के बाद मानवता के लिए समर्पित जनों की ओर से मुक्त हस्त आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। इसमें 85,101 रुपये की राशि विगत दिनों स्वजनों को घर जाकर सौंपा गया। तब स्वजनों ने बताया कि लीवर फेलवर की स्थिति में है। लीवर ट्रांसप्लांट के लिए मां का लीवर मैच हो गया है, जो लीवर डोनेट करेगी। अगले कुछ दिन बीमार बालक के लिए क्रिटिकल रहेंगे, स्वजनों ने सहयोग के लिए आभार जताते हुए बच्चे की जिंदगी के लिए ईश्वर से प्रार्थना व दुआ करने कहा। लोगों ने दुआएं भी की, लेकिन बालक की जान नहीं बच पाई। अंतिम संस्कार कवर्धा जिले धवईपानी किया गया।

# राजधानी में युवक की बेरहमी से हत्या



### नाले में फेंकी लाश, जांच में जुटी पुलिस, घटना आमानाका थाना की

श्रीकंचनपथ न्यूज


**रायपुर।** राजधानी रायपुर में युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। युवक की मारकर उसकी लाश को नाले में फेंक दिया गया। लोगों ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के सिर और चेहरे में चोट के निशान पाए गए हैं। यह पूरा मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान चंगोराभाठा निवासी कल्याण (45) के रूप में हुई है। कल्याण आमानाका इलाके के ट्रक गैरेज में गार्ड का काम करता था। शुक्रवार को व्यक्ति की लाश ट्रक गैरेज से कुछ ही दूरी पर नाले में दिखी, जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को आशंका है कि युवक की हत्या कर नाले में फेंका गया है। चेहरे पर भारी सामान से वार किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है जल्द ही मामले का खुलासा किया गया है।

### बनाया अश्लील वीडियो व फोटो, पीड़िता व घरवालों को दी जान से मारने के धमकी

# कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पीड़िता के साथ किया बलात्कार

**कोरबा (ए.)।** 24 मई 2024 को बांकीमोंगरा निवासी पीड़िता ने लिखित शिकायत दर्ज कराई जिसमे उल्लेखित किया की एक दोस्त के साथ घर पर आए राहुल शर्मा से परिचय होने के बाद कटघोरा में राहुल शर्मा द्वारा पीड़िता को कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया और चक्कर आने पर राहुल शर्मा द्वारा उसे घर छोड़ने की बात कहकर अपनी मोटर सायकल में ढेलवाडीह के जंगल मे ले गया और जबरजस्ती कर उसके साथ बलात्कार किया। राहुल शर्मा द्वारा पीड़िता का अश्लील वीडियो व फोटो अपने मोबाइल में बना लिया गया। जिसके बाद राहुल शर्मा द्वारा वीडियो व फोटो को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर 2021 से 2024 तक रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, विसाखापट्टनम ले जाकर बलात्कार किया गया तथा पीड़िता से लगभग 3 लाख 75 हजार रुपये भी लिया गया।




पीड़िता के माता पिता के द्वारा बांकीमोंगरा में ही उसकी शादी तय कर दी गई। जिसके बाद राहुल शर्मा ने लड़के को बुलाकर उसको पीड़िता का वीडियो व फोटो दिखाकर शादी तुड़वा दिया और पीड़िता एवं उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता द्वारा कटघोरा थाना में आकर शिकायत दर्ज कराई गई। कटघोरा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी को इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यूबीएस चैहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा व एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कटघोरा धर्म नारायण तिवारी ने टीम गठित कर आरोपी राहुल शर्मा की पतासाजी शुरू की। मुखबिर की सूचना पर आरोपी राहुल शर्मा की गिरफ्तारी ग्राम सुलेसा, थाना बगीचा जिला जशपुर से किया गया। आरोपी राहुल शर्मा को न्यायायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल बालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत







बालको निवासी अरूण राठौर के 18 वर्षीय पुत्र की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि निश्चय राठौर शुक्रवार को बाइक से बालको के सेक्टर वन क्षेत्र में गया था। जहां बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और निश्चय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बालको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कोरबा के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान शनिवार को निश्चय की मौत हो गई। घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। अंतिम संस्कार सेक्टर पांच स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान काफी संख्या में स्वजनए परिचित काफी संख्या में उपस्थित रहे।


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### ऐड सेल्स के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए गोविंद राव सम्मानित



**भिलाई।** न्यूज़ 18 मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ के सौजन्य से बिज़ नेक्स्ट सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर के होटल बेबीलोन कैपिटल में 24 मई को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यूज़ 18 के एडिटर अभिषेक शुक्ल द्वारा किया गया।। कार्यक्रम बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री विशिष्ठ अथिति के रूप में उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में भाग्यश्री के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ऐड सेल्स के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए गोविन्द राव को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### समर कैंप में बच्चों को कबड्डी, जूडो, वेट लिफ्टिंग, फुटबॉल का प्रशिक्षण



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर कॉलेज दुर्ग के तत्वावधान में शनिवार को समर कैंप का समापन किया गया। शिक्षकों ने बताया कि इस 15 दिवसीय समर कैंप में बच्चों और युवाओं दोनों वर्गों को खेलों का बेसिक प्रशिक्षण निशुल्क दिया गया। शिविर में कुल 10 खेल विधा का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें फुटबॉल, वालीबाल, बास्केट बाल, कबड्डी, जूडो, कुश्ती, शतरंज पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग का प्रशिक्षण मुख्य रूप से दिया गया। प्रशिक्षक विजय भारत बिषट, जावेद कुरैशी, विनय जनबंधु, मिथिलेश, पीलू राम, नम्रता पटेल, दुर्गा जंघेल एवं क्षेत्रपाल तथा जिम प्रशिक्षक पप्पू निषाद द्वारा बेसिक प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षकों ने बताया कि इसमें 13 आयु से लेकर 23 वर्ष आयु के खिलाड़ियों ने खेल की बारीकियों को सीखा। इस अवसर पर डॉ. अभिनेष सुराना मौजूद थे।

### समाज के एकीकरण के लिए काम कर रहा संघः पटेल

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर-4 में शुरू हुआ, जिसका उद्घाटन दुर्ग जिला कार्यवाह सुनील पटेल ने किया। उन्होंने संघ की पृष्ठभूमि के विषय में बताया कि किन परिस्थितियों में संघ का निर्माण हुआ। संघ समाज के एकीकरण के उद्देश्य को लेकर काम कर रहा है। इसके परिशिक्षण में राष्ट्रहित, समाजहित के उद्देश्यों को लेकर व्यक्ति निर्माण का कार्य होता है। परीक्षार्थी के रूप मे 96 शिक्षार्थी, 8 शिक्षक व अन्य 30 स्वयंसेवक भिलाई और रिसाली नगर के विभिन्न उपनगरों से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में वर्ग कार्यवाह मनु शर्मा, जिला सहकार्यवाह दुष्यंत, जिला व्यवस्था प्रमुख विजय आनंद, जिला सेवा प्रमुख मनीष, जिला पर्यावरण संयोजक नितेश सिंह उपस्थित रहे।

### महिला समिति ने डीपीएस चौक पर छाछ व फल बांटा

**भिलाई।** ओजस समाज सेवा समिति ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को डीपीएस चौक में स्टाल लगाकर राहगीरों को छाछ और फल वितरण किया। इसकी शुरुआत हनुमानजी की आरती से की गई। इसके बाद सुबह से दोपहर 2 बजे तक सेवा चलती रही। समिति अध्यक्ष ललिता सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में समिति द्वारा तीन माह के लिए प्याऊ खोला गया है। इसमें हर सदस्य सहयोग के लिए आगे आती हैं। शनिवार को 200 लीटर छाछ कई किलो फल बांटा। सेवा कार्य आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान अशोक सोनी, मंजू सोनी, आरएसएस के भानू राव, संरक्षक दुर्गा अधिकारी, नीलिमा सिंह, सुनीता सिंह, संजू शुक्ला, अल्का शर्मा, नीलिमा भगत, सुषमा सिंह, संजय सिंह, सुमन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 25 खेलों में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। प्रतिवर्ष भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा, स्कूली बच्चों हेतु ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया जाता है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के तहत भिलाई टाउनशिप और आसपास के बीएसपी और गैर-बीएसपी स्कूलों के कई बच्चों तथा युवा बालक और बालिकाओं को भिलाई के 41 खेल परिसरों, स्कूल हॉल और खेल मैदानों में विशेषज्ञ खेल प्रशिक्षकों द्वारा 25 खेलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है।**





10 मई 2024 से 10 जून 2024 तक आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2024 में 100 से अधिक विशेषज्ञ कोच और प्रशिक्षकों द्वारा महीने भर से खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्रीडा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा शिक्षा विभाग तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 120 विशेषज्ञ कोच और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में 728 बालिकाओं सहित 2,580 बच्चों ने भाग लिया था। इस वर्ष एक महीने तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के तहत वर्तमान में 169 बच्चे फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिसमें पंत स्टेडियम के फुटबॉल कॉम्प्लेक्स में 74 लड़के और फुटबॉल ग्राउंड, सेक्टर-9 में 95 बच्चे (90 बालक और 05 बालिका) शामिल हैं। वॉलीबॉल प्रशिक्षण वर्ग में 51 बालक और 39 बालिकाओं सहित कुल 90 बच्चे वॉलीबॉल ग्राउंड, इस्पात क्लब-खुर्सीपार में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, तथा 19 बच्चे स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, सेक्टर-4 में खो-खो का प्रषिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रषिक्षण शिविर के तहत कुल 40 बच्चे विभिन्न स्थानों पर बॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, तथा 28 बच्चे सेक्टर-4 स्थित जूडो क्लब में जूडो का प्रशिक्षण ले रहे हैं। पंत स्टेडियम और खुर्सीपार के कबड्डी ट्रेनिंग कैम्प में 57 बच्चों तथा बीएसपी टेनिस कॉम्पलेक्स, सिविक सेंटर, भिलाई में 45 बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

महीने भर चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में शामिल 25 खेलों में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, टेनिस, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, योगा, खो-खो, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, साइकिल पोलो, जिम्नास्टिक, फेंसिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और कुश्ती में बच्चों को प्रषिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पौष्टिक भोजन जैसे गुड़, भुना चना आदि भी प्रदान किया जाता है और प्रशिक्षुओं को खेल उपकरण भी उपलब्ध कराए जाते हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र एकमात्र ऐसा संगठन है जो खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने इस तरह का विषाल खेल प्रशिक्षण सुविधा का विगत 50 वर्षों से आयोजन करता आ रहा है।

# सूर्या मॉल के सामने अवैध कब्जों पर गिरी गाज, भिलाई निगम ने बड़ी कार्रवाई, आयुक्त ने कहा- न करें कब्जा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई की टीम इन दिनों अवैध कब्जों पर सख्ती दिखा रही है। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार की शाम को निगम के अमले ने नेहरू नगर सूर्या मॉल के पास अवैध कब्जों को ढहाया। अवैध रूप से पार्किंग करने वालों के साथ ही बेजा कब्जा करने वालों को हटाया और भविष्य में कब्जा न करने की हिदायत दी।**



भिलाई निगम द्वारा शनिवार शाम नेहरू नगर में सूर्या मॉल की अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। अधिकारियों ने सड़क किनारे लगने वाले ठेले और गुमटी को हटवाया और दोबारा यहां फिर से लगाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

नेहरू नगर में स्थित टीआई सूर्या माल का एरिया सबसे भीड़ भाड़ वाला क्षेत्र होने के कारण लगातार यहां जाम की समस्या रहती है। सड़क किनारे ठेला गुमटी वालों के कारण कब्जा हो रहा है। यही नहीं पार्किंग के नाम पर कहीं भी वाहनों को खड़ी करते हैं जिसके कारण जाम लगा रहता है।

भिलाई निगम को शिकायत मिल रही थी कि सूर्य माल के सामने आइसक्रीम वाले, कुल्फी वाले गुपचुप वाले व खोमचा वाले अवैध रूप से व्यापार करते हुए गंदगी फैला रहे थे। नगर निगम भिलाई के जोन 1 के कमिश्नर रवि सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी बालकृष्ण नायडू अपने दल के साथ जाकर के जगह को करवाई कार्रवाई करते हुए जब्त किया। भिलाई नगर निगम के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी लोगों से अपील की है कि वो किसी भी प्रकार का शहर में अवैध कब्जा ना करें। साथ ही गंदगी कहीं भी नहीं फैलाएं। ऐसा करने वालों के खिलाफ नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा।

## जैव विविधता दिवस पर रोपे पौधे पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प


श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर दुर्ग वन मंडल द्वारा नगर वन बायोडायवर्सिटी पार्क मेमोरियल गार्डन में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वन मंडलाधिकारी चंद्रशेखर परदेसी, उप वन मंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, विभागीय स्टाफ सहित छात्र शामिल हुए। सभी ने मिलकर अनेक प्रजाति के पौधे लगाए। कार्यक्रम के आखिर में ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने संकल्प लिया कि जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए आज से सप्ताह में 3 दिन वे रिंकल क्लॉथ (बिना आयरन किए कपड़े) पहनेंगे। यह कार्बन



डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लाने के लिए कारगर होता है। पर्यावरण वैज्ञानिकों का शोध है कि एक जोड़ी कपड़ा आयरन करने में 200 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होता है।

## बीएसपी सीएसआर द्वारा पऊवारा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पऊवारा में दिनांक 25 मई, 2024 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 44 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। ग्राम पंचायत भवन में ही शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पऊवारा आयोजित चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम की ओर से डॉ सरस्वती, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु श्री शुसन, फार्मासिस्ट ए एस गौर, पंजीकरण हेतु श्री शंभू तथा सीएसआर विभाग की ओर से श्री महारा राम उपस्थित थे। इस शिविर में सामान्य जांच के साथ मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

उल्लेखनीय है कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का निरन्तर आयोजन किया जा रहा है। बीएसपी द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर का उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा का लाभ पहुंचाना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने रोजगार मूलक प्रशिक्षण कार्यक्रम, अंचल में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने विभिन्न कार्यक्रम, ग्रामीण विकास के कार्यों में आर्थिक सहयोग तथा लोक कलाकारों को मंच देने ग्रामीण लोक कला उत्सव सहित आदि अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करता हैं।

# एशियन जुनियर बालक हैंडबाल चैम्पियनशिप के लिए चयन स्पर्धा 1 जून को जयपुर में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। एशियन हैंडबाल फेडरेशन द्वारा 18वीं एशियन जुनियर बालक हैंडबाल चैम्पियनशिप का आयोजन अम्मान जॉर्डन में दिनांक 14 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त चैम्पियनशिप में हैंडबाल एसोसियेशन इंडिया की भारतीय जुनियर बालक वर्ग की टीम भाग लेगी। उक्त चैम्पियनशिप में भाग लेने पूर्व हँडबाल एसोसियेशन इंडिया द्वारा भारतीय हैंडबाल टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन दिनांक 01 जून 2024 को सवाई मान सिंह स्टेडियम, जयपुर (राजस्थान) में आयोजित की गई है।**



चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु हैंडबाल एसोसियेशन इंडिया से मान्यता प्राप्त देश के विभिन्न राज्य हैंडबाल संघों से विभिन्न राज्यों के उत्कृष्ठ जुनियर बालक हँडबाल खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले जुनियर बालक खिलाड़ियों की आयु 19 वर्ष से कम जिसका जन्म 01.01.2004 या उसके बाद की होनी चाहिये। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पासपोर्ट की मूल प्रति सहित अपनी उपस्थिति देना अनिवार्य है। पासपोर्ट की वैधता कम से कम फरवरी 2025 या उससे अधिक होनी चाहिये।

पासपोर्ट की मूल प्रति नहीं लाने की स्थिति में चयन स्पर्धा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाडियों को दिनांक 31 मई 2024 की संध्या या दिनांक 01 जून 2024 को प्रातः 6:00 बजे तक अपनी उपस्थिति सवाई मान सिंह स्टेडियम, जयपुर (राजस्थान) में होगी।

उपरोक्त चयन स्पर्धा में भाग लेने के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की जुनियर बालक हैंडबाल टीम के खिलाड़ियों के चयन के लिए 27 मई 2024 को संध्या 5:00 बजे चयन स्पर्धा आयोजित की गई है। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले छत्तीसगढ़ हैंडबाल डबाल संघ संघ से मान्यता प्राप्त राज्य के विभिन्न जिला हैंडबाल खेल संघों से दो-दो उत्कृष्ठ खिलाड़ी वैलिड पासपोर्ट सहित अपनी अपनी उपस्थिति देनी होगी। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ियों का पंजीयन शुल्क रुपये 500 रुपए भुगतान करना होगा।

राज्य के सभी जिला हैंडबाल संघों से अनुरोध है कि वे अपने अपने खिलाड़ियों को चयन स्पर्धा में भाग लेने की सूचना दिनांक 26 मई 2024 को संध्या 5:00 बजे तक छत्तीसगढ़ हँडबाल संघ के ईमेल आईडी cghandball@gmail.com या वाट्सएप नंबर 9407933443 में सूचना देनी होगी।

# भिलाई निगम के कुरुद में बस्ती में जर्जर तालाब की सफाई, लोगों ने बढ़ाए हाथ, गांव वालों ने चंदा कर जुटाई रकम, सांसद ने भी की सराहना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम क्षेत्र के जर्जर हो रहे तलाब के संरक्षण के लिए कुरुद बस्ती के लोगों ने हाथ बढ़ाए हैं। गांव के लोगों ने तालाब की सफाई का जिम्मा उठाया और चंदा कर लगभग 60 हजार रुपए की राशि जमा की।

बस्ती के लोग जोन आयुक्त से मिले और सफाई को लेकर उनकी पहल के बारे में बताया। फिर क्या था लोगों की एकजुटता देख निगम ने भी सफाई में अमला झोंक दिया है। इसके साथ ही कुरुद की सफाई वृहद स्तर पर चल रही है। कुरुद बस्ती के लोगों की इस पहल को दुर्ग सांसद विजय बघेल ने भी सराहा है।



कुरुद बस्ती के युवा भाजपा नेता मयंक गुप्ता ने बताया कि बस्ती से लगे ढौर तालाब की हालत इतनी खराब थी कि वहां गंदगी पटी थी। तालाब में सिर्फ और सिर्फ जलकुंभी दिख रही थी। गांव के लोगों ने मिलकर तालाब को साफ करने का बीड़ा उठाया।

इसके लिए गांव वालों ने भिलाई नगर निगम का सहयोग लेने की पहल की। गांव के कुछ लोग वैशाली नगर जोन की आयुक्त ईशा लहरे से मिले और अपनी बात रखी। आयशा लहरे ने उन्हें कहा कि उनकी योजना काफी अच्छी है। वो इस कार्य में उनका पूरा सहयोग करेंगी। इसके बाद सभी गांव वालों आपस में चंदा करके 50-60 हजार रुपए जमा किया।

### लोग खुद उतरे सफाई करने

चंदा करने के बाद भी यहां के लोग स्वयं की तालाब की सफाई के लिए उतर गए। तालाब में जमा जलकुंभी हटाने के साथ ही कचरा भी साफ किया। इस दौरान जोन आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर चेन माउंटेन व दो जेसीबी लगवाई और सफाई शुरू हुई। तालाबा की सफाई का कार्य जिस तेजी से चल रहा है इससे लग रहा है कि तीन से चार दिनों में यह पूरी तरह से साफ हो जाएगा। तालाब के साफ होने से इसमें पानी भी भरा जाएगा जो कि बस्ती व आसपास के लोगों की निस्तारी के काम आएगा और भूजल स्रोत भी बढ़ेगा।

### दुर्ग सांसद ने सराहा गांव वालों का कार्य

जैसे ही दुर्ग सांसद विजय बघेल को यह पता चला की गांव के लोग खुद एक होकर तालाब की सफाई के लिए आगे आए हैं, वो रविवार सुबह सीधे कुरुद तालाब पहुंच गए। वो वहां चल रहे साफ सफाई के कार्य को देखकर काफी खुश हुए। उन्होंने कहा कि ये जो कार्य हो रहा है वो पूरे जिले और प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में उनसे जो हो पाएगा वो हर संभव मदद करेंगे। इस दौरान उनके साथ भाजपा के भिलाई जिलाध्यक्ष महेश वर्मा व अन्य कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950